## एक नजर

### बिशप फेलिक्स टोप्पो हुए रिटायर, विपिन टोप्नो का पुरोहिताभिषेक

**रांची।** संत महामारिया गिरजा घर में रविवार को विपिन टोपनो का पुरोहिताभिषेक किया गया। इसमें मुख्य अनुष्ठाता रांची महाधर्म प्रांत के महाधर्माध्यक्ष फेलिक्स टोप्पो एवं बिशप थियोडोर मैस्करेनहास एसएफएक्स थे। पुरोहिताभिषेक विधिपूर्वक फिलिक्स टोप्पो ने किया। जिसमें विपिन टोपनो को प्रतिज्ञा दिलाई गई एवं उतरासन पहनाया गया। जिसे पहन कर फादर विपिन टोपनो पवित्र मिश्रा देंगे। विपिन टोपनो ने फादर बनने के लिए लगभग 12 वर्ष तैयारी की थी। इस दौरान पुरोहितों ने विपिन टोपनो से गले मिलकर एवं उनके हाथों को चूम लिया। विपिन टोपनो ने उपस्थित सभी पुरोहित गायक मंडली एवं कलीसिया को धन्यवाद दिया। इस कार्यक्रम में पल्ली पुरोहित फादर डेविड आनंद खलखो एवं सभी पुरोहित, संत अन्ना एवं संत उर्सलाइन की धर्म बहने एवं कलीसिया शामिल थीं।

### पंचतत्व में विलीन हुए कांग्रेस के दिग्गज नेता अरुण पांडे

**रांची!** कांग्रेस की महागामा विधायक दीपिका पांडे के पिता और कांग्रेस के दिग्गज नेता व पूर्व पार्षद अरुण पांडे का अंतिम संस्कार रविवार को सिठियो शमशान घाट में हुआ। 76 वर्षीय वर्षीय अरुण पांडे की बड़ी बेटी दीपिका पांडे ने मुखाग्नि दी। अंत्येष्टि के इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। विधायक दीपिका पांडे के सेक्टर 2 स्थित आवास शव यात्रा निकला. दीपिका ने जैसे ही अपने पिता को कंधा देते हुए आगे बढ़ी वे फफक कर रो पड़ी। इस दौरान माहौल एकदम गमगीन हो गया. हर किसी की आंखें नम हो गईं। इसके बाद शव यात्रा अरुण पांडे के सेक्टर-2 स्थित मकान के पास ले जाया गया। जहां लोगों ने श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार अभिषेक श्रीवास्तव उर्फ पिंटू, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर,पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, कुमार राजा, मांडर विधायक शिल्पी आदि थे।

### चाईबासा में हुई प्रदेश कार्य समिति की बैठक

# पीएम मोदी के व्यक्तित्व से प्रभावित होकर हमने भाजपा का दामन थामा : भगत

**नवीनमेल संवाददाता**

**बेड़ो:** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सह पूर्व शिक्षा मंत्री स्व करमचंद भगत के छोटे सुपुत्र व्याख्याता सह शिक्षाविद रामनारायण भगत,कांग्रेस नेत्री नीतू मुंडा व अभय महली ने रविवार को चाईबासा में हुए प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में भाजपा में शामिल हुए। वे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी,एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह राज्य सभा सांसद समीर उरांव, प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर व प्रदेश एस टी मोर्चा अध्यक्ष शिवशंकर उरांव के समक्ष मांडर विधानसभा के सैकड़ों कार्यकताओं के साथ भाजपा में शामिल हुए। शिक्षाविद रामनारायण भगत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के व्यक्तित्व और कार्यशैली से प्रभावित और आकर्षित होकर हमलोगों ने भाजपा का दामन थामा है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत का समग्र विकास हो गा। भाजपा की नीति, सिद्धांत व कार्यक्रम से हमलोग प्रभावित थे। उन्होंने कहा कि हमलोग भाजपा का एक निष्ठावान सिपाही बनकर देशहित व जनहित में मानवता की सेवा के प्रति तत्पर रहेंगे। मौके पर भाजपा कार्यकताओं में राजीव रंजन अधिकारी, बलराम सिंह आदि मौजूद थे।




भाजपा में शामिल होते शिक्षाविद रामनारायण भगत व अन्य।

### डी जे ब्रांड्स इन बना युवाओं की पहली पसंद



**मांडर।** प्रखंड के कंदरी मोड़ स्थित डी जे ब्रांड्स इन में नववर्ष के अवसर पर ग्राहकों को आकर्षक छूट दी जा रही है। दुकान के संचालक दशरथ उरांव ने बतलाया कि यहां पर लगभग सभी ब्रांड के मेंस वियर और फुटवियर उपलब्ध है। कम कीमत में अच्छे ड्रेस उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। यही कारण है कि आसपास की युवा आज हमसे जुड़कर अपने जरूरत के सामान ले रहे हैं। ग्राहकों के साथ अच्छा व्यवहार और कम कीमत के कारण युवा काफी खरीदारी करते हैं। यहां पर डिजाइनर कपड़े और जूते भी उपलब्ध है। साथ ही जैकेट ट्रैकसूट्स वगैरह भी आकर्षक दाम में उपलब्ध है।

### रातु में बिरसा फसल विस्तार योजना के तहत बीज का वितरण



**रातु।** प्रखंड के कृषक सहयोग समिति व सिंगल विंडो में शनिवार को विरसा फसल विस्तार योजना के तहत चना,गेंहू, मसूर, सरसो का बीज का वितरण किया गया। सीमलिया एवं परहेपाट के प्रशिक्षण प्राप्त 50 किसानों के बीच 15-15 किलो चना बीज एवं डोलोमाइल,फॉस्फोजिपसम,नैनो यूरिया आदि का वितरण किया गया। वहीं ग्राम तिगरा , एक्का गुड्डु व गुड्डु के 152 किसानों के बीच निःशुल्क गेहूं, सरसों व मसूर का बीज दिया गया। जिसमें पुरियों के 15 , तिगरा के 52, सीमलिया के 14, एका गुड्डी के 15 और गुड्डु के 100 किसान शामिल है। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिशंकर बारीक मौजूद थे। इन्होंने कहा की इस बार किसान अच्छे से खेती नहीं कर पाये। किसानों को परेशानी से राहत दिलाने के लिए राज्य सरकार योजनाएं लेकर आई है। जिसका लाभ किसानों को मिल रहा है। सरकार की योजना है कि किसानों को खरीफ सीजन में जो नुकसान हुआ है, उसकी भारपाई रबी में की जाए। इसलिए इस बार किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार की तरफ से इस साल चना, गेंहू,सरसो व मसूर का निःशुल्क बीज का वितरण किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रमुख संगीता देवी,उप प्रमुख रेयाजुल अंसारी, बीटीएम मुनि कुजूर, बीसीओ रितेश पन्ना, संजीव तिवारी,सेवा राम महतो,बंधना महतो,पाली मुखिया सीमलिया मुखिया व दर्जनों कृषक मित्र मौजूद थे।

# क्रिकेट एवं छऊ नृत्य का आयोजन

**सोनाहातू:** प्रखंड क्षेत्र के गलउ पंचायत अंतर्गत मुरुतडीह गांव के स्कूल मैदान में रविवार को क्रिकेट खेल एवं छौ नृत्य का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि नरेन्द्र मोदी बिचार मंच के राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष धनपति महतो उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम होने से



लोगों का आपसी तालमेल बढ़ता जाता है। हमारा पंचपरगना क्षेत्र में सालों भर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। कहीं छौ नृत्य तो कहीं झुमर संगीत। इस क्षेत्र में कलाकारों की कमी नहीं है। इसी कड़ी में आज मुरुतडीह के नवयुवकों ने इस मेला का आयोजन किया है। धनपति महतो ने आयोजन समिति को धन्यवाद देते हुए कहा कि मैं पूरे बिधान सभा क्षेत्र के गांवों का दौरा कर रहा हूं। एवं लोगों की समस्याओं से अवगत हो रहा हूं। उन्होंने कहा कि मैं एक समाजसेवी के रूप में क्षेत्र का भ्रमण किया हूं। कई समस्याएं सामने आई है। मैं उसका शीध्र ही समाधान करने का प्रयास करुंगा। मेला में उस्ताद देवनन्दन महतो एवं बिरेंद्र सिंह पायलट ने अपने कला का प्रदर्शन किया। वहीं क्रिकेट टीम को अतिथियों द्वारा द्वारा पुरस्कृत किया गया। श्री महतो ने मेला में आए मेला प्रेमियों को नये बर्ष का बधाई दिया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष सुषेण प्रामाणिक, मिहिर महतो,सिंह मुंडा,झरिया महतो, अभिराम महतो,नबीन महतो,शैलेश महतो,राजकुमार,राहुल रितीक आदि मौजूद थे।

# बेड़ो कपड़ा बैंक ने लापुंग में जरूरतमंदों के बीच कंबल एवं कपड़े का किया गया वितरण



**नवीनमेल संवाददाता**

**बेड़ो:** कपड़ा बैंक बेड़ो की टीम के द्वारा रविवार को कपड़ा बैंक के अध्यक्ष कैलाश कुमार के नेतृत्व में लापुंग के ककरिया व पोकटा में जरूरमंदों के बीच 450 कपड़ों एवं कंबल का वितरण किया गया। जहां लोगों के बीच ठंड कपड़े में स्वेटर, जैकेट, कम्बल, शॉल, साड़ी, जीन्स, पैंट, सर्ट, कुर्ती व बच्चों के कपड़े इत्यादि बांटा गया। मौके पर कपड़ा बैंक के अध्यक्ष कैलाश कुमार ने कहा कि कपड़ा बैंक लगातार जरूरतमंदों के बीच कपड़े का वितरण कर रही है। जिन लोगों के पास अनुपयोगी कपड़े हैं वो कपड़ा बैंक में दे सकते हैं, ताकि अधिक से अधिक लोगों को कपड़ा वितरित किया जा सके कपड़ा बैंक का संचालन उन्हीं लोगों के सहयोग से हो रहा है, जो कपड़े आपके लिए अनुपयोगी है लोगों का जरूरत है और लोगों के जीवन मे खुसी ला सकती है। लोगों के जीवन की मुख्य आवस्यकता में रोटी कपड़ा और मकान होती है जिसमें कपड़ा भी एक प्रमुख आवस्यकता होती है, जो लोगों के तन ढकने के लिए आवश्यक है जो हमें हरेक मौसम में जरूरी होता है। कपड़ा बैंक के सदस्य निःस्वार्थ इस कार्य में लगातार लगे हुए हैं और जरूरतमंदों तक अपने खर्च से कपड़ा पहुंचा रही है और किसी से कोई आर्थिक मदद नहीं ले रही है। कपड़ा बैंक की टीम में कैलाश कुमार, सुनील महतो, रवि केशरी, मुकेश कुमार, अनुज कुमार गुप्ता और शक्ति साहू शामिल थे।

### मृतक के स्वजनों से मिली विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, किया आर्थिक सहयोग



**बेड़ो:** मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने गुरुवार को प्रखंड के डोरंडा पीपर टोली गांव में मृतक समजान अंसारी के परिवार व स्वजनों से मिली और अपनी संवेदना व्यक्त की। और आकस्मिक निधन पर गहरा दुख प्रकट करते हुए स्वजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने परिवार वालों को आश्वस्त किया कि इस दुख की घड़ी में मैं आपके परिवार के साथ हूं। वही विधायक ने परिवार को आर्थिक सहायता राशि भी दी। मौके पर कई ग्रामीण मौजूद थे।

### जंगली हाथी ने दो किसानों की फसल रौंदी



**बेड़ो:** बेड़ो प्रखंड के घाघरा पंचायत के कोकड़े गांव में शनिवार की रात लगभग आठ बजे एक जंगली हाथी ने जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान जंगली हाथी ने इसी गांव के दो किसान अनुप मुंडा व लोदो मुंडा के आलू के फसल को खाकर व रौंदकर बर्बाद कर दिया। इस घटना से गांव लोगो में दहशत व्याप्त है। इधर लोग शाम होते ही अपने घरों में दुबक जाने पर मजबूर हैं। वहीं ग्रामीणों ने क्षतिपूर्ति को लेकर स्थानीय प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। इधर ग्रामीणों ने वन अधिकारियों को एक बार फिर से हालात से अवगत कराते हुए किसानों को मुआवजा देने और हाथी को जंगल से भगाने की मांग की है।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि में नववर्ष पर कार्यक्रम




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, हरमू रोड में नये वर्ष के आगमन के अवसर पर कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। दूरसंचार विभाग के निदेशक देव शंकर ने कहा कि प्रत्येक वर्ष नए साल को बेहतर और खुशनुमा बनाने के लिए हम सभी कई शुभ संकल्प, विचार व वायदे अपने आप से करते हैं। परंतु व्यवहारिक जीवन में मन में अनेक विचार तथा बातें भी आती है। उनमें से बहुत से संकल्प सकारात्मक, नकारात्मक, दृढ़ व कमजोर होते हैं। नकारात्मक या कमजोर संकल्प हमें जीवन में आगे नहीं बढ़ने देते। संबंधों पर भी हमारी सोच का गहरा प्रभाव पड़ता हैं। अभियांत्रिकी शिक्षक डा कृष्ण कुमार दुबे ने कहा व्यवहार अगर अच्छा है तो मन ही मंदिर है। आहार अगर अच्छा है तो तन ही मंदिर है। विचार अगर सकारात्मक है तो मस्तिष्क ही मन्दिर है। यह तीनों अगर अच्छे हैं तो जीवन ही मंदिर है। अधिवक्ता जे पी गुप्ता ने कहा कि बहुत समय से दुख व अशांति के ओढ़े हुए लबादे को फेक कर ही आत्मा सुख शांति के सुंदर लिबास को धारण कर सकती है।

विजय खोवाल ने कहा शांति और संपन्नता के लिए सभी मानव प्रार्थना करते हैं। तो इस नये वर्ष में आध्यात्मिक शक्ति को पहचान कर पवित्रता, प्रेम, सच्चाई व खुशी के दिव्य गुणों द्वारा हम सभी अपना योगदान दे। ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा कि बड़े हर्ष का समय है नये वर्ष के साथ नवयुग का भी आगमन हो रहा है। अब पुराना वर्ष बीतने के साथ अब अपने स्वार्थ व अहंकार रूपी पुराने संस्कारों को परिवर्तन कर इस संसार को बदलना है। कार्यक्रम की शुरूआत राजयोग गाईडेड मेडिटेशन के द्वारा किया गया। बाल कलाकारों ने सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किया गया।

# जौहर एकेडमी धुर्वा के बच्चों ने प्रस्तुत की आकर्षक मॉडल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जौहर एकेडमी धुर्वा में बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के उद्देश्य से विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में कक्षा 6 से 10 के विद्यार्थियों ने अपने अपने मॉडल प्रदर्शित कर अपनी प्रतिभा साबित किया। बच्चों ने दीन-ए-इस्लाम से जुड़े ऐतिहासिक स्मारक जैसे मजिद-ए-अक्सा, काबा का विकास, पैगंबर नूह अलैहिस्सलाम की इतिहास पेश किए। बच्चों ने विभिन्न प्रकार के विज्ञान के चमत्कार जैसे लावा लैंप, बिग बैंग सिद्धांत, वैक्यूमर क्लीनर, रक्त परीक्षण, मानव नेत्र, एटीएम मशीन, ग्लोबल वार्मिंग, सौर ऊर्जा, हाइड्रोलिक ब्रिज, डैम, जल विद्युत का उत्पादन और स्मार्ट सिटी मॉडल प्रस्तुत किया गया। स्कूल की प्रधानाचार्या नाजिया परवेज ने बताया कि इस विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन सीबीएसई की बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के लिए करके सीखो नीति पर किया गया। संचालक मो सेराजद्दीन ने कहा कि हमें अपनी प्रतिभा को निखारना चाहिए और सभी बच्चों को शिक्षित बनाने के लिए योगदान देना होगा। पढ़ना लिखना शिक्षा की पहली सीढ़ी है। कार्यक्रम में मो जकिउर रहमान, मो इमतियाज ने कहा कि बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने और उनका विज्ञान के प्रति आकर्षण बढ़ाने के लिए यह जरूरी है कि उनको वैज्ञानिक गतिविधियों में प्रतिभाग कराया जाय।

### मारवाड़ी युवाओं ने जरूरतमंदों के बीच बांटा कंबल

**रांची।** कड़ाके की ठंड को देखते हुए बचाव राहत के लिए जरूरतमंदों एवं बुजुर्गों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा के राष्ट्रीय कार्यक्रम आनंद सबके के लिए के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में कंबल का वितरण किया गया। रविवार को रांची सिल्ली मार्ग पर गोंदली पोखर में जरूरतमंदों के बीच 120 कंबल एवं बच्चों के बीच टॉफी, बिस्किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम संयोजक अभिषेक चौधरी एवं मयंक बुधिया थे। वितरण कार्यक्रम में मनीष लोधा, अध्यक्ष अमित चौधरी, कोषाध्यक्ष अमित जांगिड़, राजेश अग्रवाल, गौतम अग्रवाल, शिवचरण महतो एवं राजेश ने अपनी सहभागिता देकर कार्यक्रम को सफल बनाया। यह जानकारी प्रवक्ता रमन बगड़िया ने दी।

### स्वयंसेवी संस्थान ने जामटोली में बुजुर्गों के बीच बांटे कंबल



**बेड़ो:** स्वयंसेवी संस्था ओडीए और जामटोली लैम्प्स के संयुक्त तत्वावधान में हरिहरपुर जामटोली गांव के 75 वृद्धजनों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष सुमिता वर्मा, सचिव आशीष कुमार तथा जामटोली लैंपस के अध्यक्ष चरवा उरांव समेत ग्राम प्रधान राम प्रसाद लोहरा, पड़हा राजा विशाल उरांव, विशेश्वर हजाम, एतवा महतो के साथ साथ कई लोग उपस्थित थे। संस्था के द्वारा पिछले वर्ष भी जामटोली गांव में कंबल का वितरण किया गया था। इधर कंबल के मिलने से वृद्ध पुरुष एवं महिलाओं में खुशी देखी गई।

### कोयमारा गांव में बुजुर्गों, महिलाओं, विकलांग व्यक्तियों के बीच किया गया कंबल वितरण

**गिरिडीह:** निरंतर समाज के अंतिम व्यक्ति तक अपनी सेवा पहुंचाना ही लक्ष्य है और इसी के तहत प्रो विनीता कुमारी एवं उनकी पूरी टीम के द्वारा उदनाबाद पंचायत के कोयमारा गांव में बुजुर्गों, महिलाओं, विकलांग व्यक्तियों के बीच कंबल का वितरण किया गया। प्रो विनीता कुमारी ने कहा कि भाजपा लगातार गरीबों, वंचितों, दलितों और महिलाओं की भलाई के निरंतर कार्य करती है और हम सभी देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हैं जिन्होंने अनगिनत जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों को दिया है। संगीता सेठ ने कहा कि 50% आबादी महिलाओं की है और जब महिलाएं संगठित होंगी तभी देश और राज्य अच्छी शासन व्यवस्था आ सकती है। साथ में भाजपा के नगर मंत्री समीर दीप,मंडल अध्यक्ष राजेश गुप्ता, वरिष्ठ नेता अनुप सिन्हा, जिलाध्यक्ष संगीता सेठ, नगर संयोजक अमित आर्या, जिला महामंत्री सावित्री भारती, पूर्व मंडल अध्यक्ष दीपक पंडित जी, महामंत्री सीताराम वर्मा, पंचानंद वर्मा , डॉ विरेन्द्र वर्मा, रवीन्द्र कुमार, रंजीत वर्मा, प्रियंका देवी, सुनीता देवी आदि के साथ सैकड़ों महिलाएं एवं बुजुर्ग उपस्थित रहे।

### हेलमेट पहनना हुआ अनिवार्य

**चान्हो।** अब हेलमेट नहीं पहनने वालों की खैर नहीं। चान्हो थाना के प्रभारी रंजय कुमार ने बताया कि पिछले एक महीने से लगातार सड़क सुरक्षा कानून के तहत दो पहिया चालक को थाना के समीप रोक कर जागरूक किया जा रहा है। हेलमेट पहनने की नसीहत दी जा रही है। फिर भी कुछ लोग अभी भी मोटरसाईकिल बिना हेलमेट के चला रहें हैं। एक जनवरी से यदि मोटरसाइकिल चालक हेलमेट पहनकर यात्रा नहीं करते हैं तो सीधा कानूनी कार्रवाई होगी। चालान काटा जाएगा। कानून सबके लिए समान है। किसी के

# नए साल की शुभकामनाओं के साथ उत्सव का आयोजन




**नवीनमेल संवाददाता**

**रांची:** नए साल की शुरूआत में आईफा इंटरनेशनल रांची ने एक धमाकेदार उत्सव का आयोजन किया। छात्र-छात्राओं ने आज के दिन नये वर्ष का स्वागत अपने चेहरे में रंग लगाकर कलात्मक ढंग से किया और आनंद लिया। इस आयोजन ने लोगों को एक-दूसरे के साथ जोड़ने का अद्भुत मौका प्रदान किया, जिससे नए साल की शुरूआत साथ मिलकर हुई। इस कार्यक्रम में निम्नलिखित छात्र छात्रों ने भाग लिया आलिया, आयशा, अल्मा हसन, शगुफ्ता, मिश्कत, निधि, हिर, हिबा आदि आईफा इंटरनेशनल के निर्देशक मोहम्मद साबिर हुसैन ने सभी छात्राओं को नववर्ष की बधाई दी

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत पंचायत भवन में आयोजन




**सिल्ली:** विकसित भारत संकल्प यात्रा हमारा संकल्प विकसित भारत के तहत सिली प्रखंड अंतर्गत पतरातू एवं पिस्का पंचायत में संपन्न हुआ इस कार्यक्रम में पर्यवेक्षक के रूप में रांची जिला ग्रामीण के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार महतो उपस्थित थे सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने मोदी जी के 10 सालों के काम को एवं सभी योजनाओं के बारे में जानकारी दी और कहां की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के के योजनाओं के बारे में घर-घर तक लोगों को बताएं। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि विनोद प्रसाद साहू रघुवीर महतो राम साइन मुंडा मनीष कुमार सृष्टिद्धार प्रजापति बीना देवी गुलाब सिंह पंचायत के मुखिया समिति वार्ड एवं पंचायत के ग्रामीण मौजूद रहे।

# बच्चों ने पेटिंग से किया नये साल का स्वागत

**रांची।** नए साल की शुरूआत में आईफा इंटरनेशनल रांची ने एक उत्सव का आयोजन किया। छात्र-छात्राओं ने नये वर्ष का स्वागत अपने चेहरे में रंग लगाकर कलात्मक ढंग से किया। इस आयोजन ने लोगों को एक-दूसरे के साथ जोड़ने का मौका प्रदान किया। जिससे नए साल की शुरूआत साथ मिलजुल कर हुई। कार्यक्रम में जिन छात्राओं ने भाग लिया। उनमें आलिया, आयशा, अल्मा हसन, शगुफ्ता, मिश्कत, निधि, हिर और हिबा शामिल थे।आईफा इंटरनेशनल के निर्देशक मो साबिर हुसैन ने सभी छात्राओं को पुरस्कार के साथ नववर्ष की बधाई दी।

# साल के अंतिम दिन श्रीकृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे में लगभग 1400 लोगों ने पाया प्रसाद



रांचीः 127 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का संचालन अपने बच्चों के जन्मदिवस के उपलक्ष्य मे संस्था की सदस्या एवम गुरु महाराज के परम भक्तिभावी शिष्या मीरा देवी आडुकिया और उनके परिवार के सदस्यों के सौजन्य से किया गया। संस्था के सदस्यों ने श्री राज श्यामा जी (राधा-कृष्ण) भगवान एव गुरू महाराज की फोटो पर चंदन वंदन कर अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद अर्पित कर वहा उपस्थित महिलाओ और पुरूष श्रद्धालुओ को चंदन का तिलक करने भजन संकीर्तन कर आज 127 वें श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का वितरण शुरू किया गया। लगभग 1400 से ज्यादा श्रद्धालुओ राहगीरों एव जरूरतमंदों ने श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भोजन भंडारे का प्रसाद मे पुडी,आलु टमाटर मिश्रित सब्जी, भेजिटेबल पुलाव, केसरिया खीर,केसरीया जलेबी का वितरण कर सेवा की गई। आज के अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे की सेवा के महान कार्य में विशेष रूप संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, प्रमोद सारस्वत,ओम प्रकाश सरावगी,अरविंद अग्रवाल,शिव भगवान अग्रवाल, ज्ञान प्रकाश शर्मा, पवन पोद्दार (ताउ),चन्द्रदिप साहु,परमेश्वर साहु

### गिरिडीह से अयोध्या के लिए पैदल यात्रा पर निकले राम भक्त



गिरिडीह : एक राम भक्त अयोध्या के लिए गिरिडीह से पैदल यात्रा पर निकला है। रविवार को अयोध्या यात्रा पर निकले राम भक्त को स्थानीय लोगों ने खूब गर्मजोशी के साथ विदा किया. इस दौरान लोगों द्वारा जय श्री राम के जयकारे के साथ राम भक्त को विदाई दी गई.बताया गया कि गिरीडीह के मकतपुर के रहने वाले प्रेम राम पदयात्रा करते हुए अयोध्या जाएंगे। प्रेम राम का सफर रविवार को गिरीडीह से आरम्भ हुआ और वह लगभग 25 दिनों के बाद राम नगरी अयोध्या पहुंचेंगे। यात्रा पर निकले राम भक्त ने कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम की भक्ति और दर्शन के उद्देश्य से वह अयोध्या नगरी के लिए पड़ यात्रा पर निकले हैं। उन्होंने बताया कि भारत को अखंड हिन्दू राष्ट्र निर्माण की मनोकामना लेकर वह रामलला के दर्शन को जा रहे हैं।

# नए साल पर पहाड़ी मंदिर में सुरक्षा के रहेंगे पुख्ता इंतजाम



**रांची के ऐतिहासिक पहाड़ी मंदिर में बाबा भोलेनाथ की पूजा के लिए भक्तों की भीड़ सुबह से ही उमड़ने लगती है। इस बार पहाड़ी मंदिर में नववर्ष पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गये हैं।**

- पहाड़ी मंदिर सभी रास्तों पर 47 सीसीटीवी अब तक लगाए जा चुके हैं।
- नए साल पर पहाड़ी मंदिर आने वाले भक्त अच्छी तरफ से बाबा को जल अर्पित कर सकें, इसके लिए अरघा की व्यवस्था की जाएगी।
- पहाड़ी मंदिर को खूबसूरत लाइटों से सजाया जाएगा।
- एक जनवरी को भक्तों की भीड़ देखते हुए पहाड़ी मंदिर मुख्य द्वार के दाई ओर से रास्ता होगा। भीड़ को देखते हुए जगह जगह बैरिकेडिंग की जाएगी।
- नववर्ष में बड़ी संख्या में पुलिस बल पहाड़ी मंदिर में तैनात किए जाएंगे। मजिस्ट्रेट की भी प्रतिनियुक्ति की जाएगी।



## एक नजर

### रेलवे स्टेशन प्रीपेड सेवा सर्विस की मनायी गयी दूसरी वर्षगांठ



**रांची।** झारखंड प्रदेश डीजल ऑटो चालक महासंघ ने रांची रेलवे स्टेशन प्रीपेड सेवा सर्विस की दूसरी वर्षगांठ मनाया। संस्थापक दिनेश सोनी, गुड्डु श्रीवास्तव, तबरेज अहमद एवं बादल थापा केक काट कर खुशियां मनाया। कहा कि हमलोग ऑटो चालक ईमानदारी से अपना कार्य करते है। इससे जो आय होती है, उसी से अपने परिवार का भरण पोषण करते है। जिला प्रशासन से मांग है कि हमारी समस्याओं का समाधान शीध्र करे। मौके पर पप्पू सिंह, रंजय कुमार सिंह, सुजीत सिंह, मोनू सिंह, अजीत राय, निसार खान, अशोक झा, राजेश शाह, उमेश चौरसिया, धनेश्वर जोहांना कुजूर, राजकुमार सहित अन्य ऑटो चालक व मालिक उपस्थित थे।

### डोरंडा में होगा विवेकानंद महोत्सव का कार्यक्रम

**रांची।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर डोरंडा स्थित स्वामी विवेकानंद चौक पर कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इस 10वें विवेकानंद महोत्सव को लेकर पोस्टर का विमोचन किया गया। विमोचन के अवसर पर मुनचुन राय, कुमुद झा, अशीष आनंद, विपुल मिश्रा, अभिषेक चौधरी के साथ दिव्यम फाऊंडेशन के निशांत चौहान, कुशाग्र सिंह राजपूत उपस्थित थे। महोत्सव समिति के अध्यक्ष कृष्णा मिश्रा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के दिखाए गए मार्गों पर नई पीढ़ी की युवा शक्ति चले। उनके विचारों को अपने अंदर गढ़े, तब ही देश के उत्थान में अपना योगदान दे पाएंगे। माल्यार्पण, दीपोत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ साथ, स्वामी विवेकानंद पर बनी लघु फिल्म, रन फॉर विवेकानंद और विभिन्न युवा वर्ग से जुड़े लोगों के लिए कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी।

## 59 पिकनिक स्पॉट सहित 65 स्थानों पर 2 जनवरी तक रहेगी विशेष नजर

# नशेबाजी व तेज ड्राइविंग की तो वाहन होगा जब्त, पैदल ही जाना होगा घर

**डीसी और एसएसपी ने नए साल को लेकर प्रतिनियुक्त किए गए मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल को निर्देश दिया है**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आज नए साल के आगमन का जश्न मनाया जा रहा है। नये साल के स्वागत में राजधानी के सभी फॉल्स व पिकनिक स्पॉट पर लोगों की भीड़ उमड़ेगी। इस दौरान नशे में और तेज रफ्तार से वाहन चलाने वालों पर भी पुलिस की विशेष रूप से नजर रखी जाएगी। डीसी और एसएसपी ने नए साल को लेकर प्रतिनियुक्त किए गए मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल को निर्देश दिया है कि नशे की हालत में ड्राइविंग करने वाले या रेस ड्राइविंग करने वालों के वाहन जब्त करें। उन्हें पैदल जाने दें और नियमानुसार कार्रवाई करें। जिला प्रशासन की ओर से नए साल को लेकर राजधानी के पार्क, फॉल, धर्मस्थलों और प्रमुख चौक-चौराहे सहित 59 पिकनिक स्पॉट सहित 65 स्थानों पर 31 दिसंबर से 2 जनवरी तक विशेष नजर रखने के लिए मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी और पुलिस बल की तैनाती की गयी है।

### जलाशयों पर गोताखोर किये गये हैं तैनात

रांची के सभी जलाशयों में आपात स्थिति से निपटने के लिए स्थानीय गोताखोरों की मदद ली गयी है। हुंडरू फॉल, जोन्हा फॉल, दशम फॉल और सीता फॉल सहित सभी जलाशयों में स्थानीय गोताखोरों की तैनाती जिला प्रशासन की ओर से की गयी है।




### पुलिस ने जारी की गाइडलाइन

**ड्राइविंग के समय सीट बेल्ट पहनें, नशे की हालत में वाहन नहीं चलाएं, हेलमेट पहन कर दो पहिया वाहन चलाएं, ट्रिपल राइडिंग नहीं करें, ओवरटेक से बचें, सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान व शराब वर्जित, वाहनों को उचित स्थानों पर पार्क करें, डबल लॉक लगाएं, अपने सामानों का ध्यान रखें, बिना निगरानी इधर-उधर न छोड़ें और पिकनिक स्पॉटों पर ऊंची आवाज में गाना नहीं बजाएं।**

### 9 स्थानों पर फायर बिग्रेड की टीम

**नए साल के जश्न के दौरान आग लगने की स्थिति से निपटने के लिए रांची के 9 स्थानों पर विशेष रूप से फायर बिग्रेड की टीम तैनात की गयी है। कुल 11 अग्निश्मन वाहन भी रहेंगे। इसके तहत सिटी कंट्रोल रूम व पिकनिक स्पॉट के समीप के थाने में इसकी प्रतिनियुक्ति का निर्देश डीसी-एसएसपी ने दिया है। उक्त स्थानों पर 31 दिसंबर की शाम 7 बजे से 1 जनवरी की रात 10 बजे तक प्रतिनियुक्ति की गई है। जिन स्थानों पर फायर बिग्रेड की टीम रहेगी उसमें अनगड़ा थाना, दशमफाल थाना, ओरमांझी थाना, पिठोरिया थाना, रातू थाना, धुर्वा थाना, सिकिदिरी थाना, नगर नियंत्रण कक्ष और अल्बर्ट एक्का चौक शामिल है।**

### एंबुलेंस-मेडिकल टीम है तैनात

रांची जिला में किसी भी नदी, जलाशयों, डैम, फॉल विभिन्न प्रकार के वाटर बॉडी में बोटिंग करने वाले नावों में बिना लाइफ जैकेट के नहीं जा सकेंगे। इस संबंध में डीसी-एसएसपी ने प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों से कहा कि वे नाव में उन्हीं व्यक्तियों को जाने देंगे, जो लाइफ जैकेट पहने हो। इतना ही नहीं बिना लाइफ जैकेट के तैराकी भी नहीं करने देने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा जल प्रपात में जहां से पानी गिरता है। उसके आसपास लोगों को नहीं जाने देना है।

### लाइफ जैकेट के बिना तैराकी पर रोक

नए साल के उत्सव में आपात स्थिति में लोगों की जान बचाई जा सके। इसके लिए विशेष रूप से 4 एंबुलेंस और मेडिकल टीम की तैनाती की गई है। इस संबंध में डीसी के निर्देश पर सिविल सर्जन ने चार एंबुलेंस पर्याप्त चिकित्सकों और मेडिकल टीम के अलावा आवश्यक उपकरण और जीवन रक्षक दवाओं सहित नगर नियंत्रण कक्ष में प्रतिनियुक्त किया गया है। एम्बुलेंस और मेडिकल टीम की तैनाती 7 जनवरी तक की गयी है।

# पूरे राज्य में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था हुड़दंगियों पर रहेगी नजर




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची सहित पूरे राज्य में नए साल के मौके पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। झारखंड पुलिस मुख्यालय की ओर से सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को यह निर्देश दिया गया है कि वह अपने अपने जिले की सभी पिकनिक स्पॉट के अलावा शहर के रेस्टोरेंट और होटलों में सुरक्षा को लेकर विशेष रूप से अलर्ट रहें। झारखंड पुलिस के प्रवक्ता सह आईजी अभियान अमोल वी होमकर ने बताया कि नए साल के जश्न में किसी भी तरह की बाधा ना आए इसके लिए पुलिस की ओर से सभी तैयारियां की गयी है। सभी पार्कों, डैम, पर्यटन स्थल और पिकनिक स्पोर्ट पर तथा आसपास के क्षेत्र में स्टैटिक फोर्स की नियुक्ति की गयी है। साथ ही न्यू ईयर की पार्टियों में विशेष ध्यान रखा गया है। इसके अलावा रविवार की शाम से ही वाहनों की चेकिंग और ड्रंक एंड ड्राइव चलाया गया। शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई की गयी। छेड़खानी और हुड़दंग की घटनाओं को रोकने के लिए शक्ति कमांडों भी सक्रिय है। सभी

## निचले तल्ले और सड़क के दोनों ओर दुकानों से लगता है जाम

# बेकार पड़ा है खादगढ़ा बाजार का ऊपरी तल्ला

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी के रातू रोड के बगल में स्थित खादगढ़ा शहर के बड़े सब्जी बाजारों में से एक है। संघन आबादी के बीच स्थित इस सब्जी बाजार में प्रतिदिन हजारों की संख्या में खरीदार पहुंचते है। काफी भीड़भाड़ वाले इस बाजार में करीब दो सौ दुकानें लगती है। जिसमें सब्जी, फल, मच्छली, मुर्गा सहित चायपान की दुकानें शामिल है। पहले से सभी दुकानें खादगढ़ा में सुखदेवनगर थाना रोड में दोनों ओर लगाये जाते थे। सब्जी विक्रेताओं की सुविधा और उन्हें धूप-बारिश से बचाने के लिए रांची नगर निगम ने सुखदेवनगर थाना के बगल में एक मंजिला मार्केट का निर्माण कराया। इस मार्केट में निचला तल्ला और उपरी तल्लें में दुकानदारों के लिए स्थान निर्धारित किया गया था।



### ऊपरी तल्ले में नहीं आते थे ग्राहक

सब्जी विक्रेताओं ने बताया कि शुरूआती दिनों में उपरी तल्ले में मांसाहारी वस्तुओं की दुकानें लगायी जाती थी। लेकिन उपरी तल्ले में ग्राहक कम आते थे। जिस कारण दुकानदारी मंदा हो गया। बहुत से लोगों को उपर चढ़ने में, तो कुछ लोगों को बीमारी के कारण सीढ़ियों में चढ़ने में परेशानी होती थी। जिस कारण ऐसे लोग या तो नीचे या फिर कही और जाकर खरीदारी कर लेते थे। इससे परेशान होकर एक एक कर दुकानदार नीचे आते गये, जिसके बाद से उपर तल्ला पूरी तरह से विरान हो गया।

### अभी भी सड़क पर लगती है दुकानें

बाजार निर्माण के बावजूद अभी भी सुखदेवनगर थाना रोड में सड़क के दोनों ओर सब्जी की दुकानें लगायी जाती है। दुकानदारों ने बताया कि इस बाजार में लोग वर्षो से चलते फिरते सब्जी खरीदते रहे है। सड़क के किनारे दुकान लगाने के कारण लोग यहॉ से गुजरने के दौरान चलते फिरते अपनी जरूरतों का सामान ले लेते है। इसलिए कोई उपर तल्ला नहीं जाना चाहते है। दुकानदारों ने बताया कि हमलोगों को भी ग्राहकों के पंसद के अनुसार नीचे या सड़क के बगल में दुकान लगाना पड़ता है।

### निचले तल्ले में लगती है सब्जियों की दुकानें

**निचले तल्ले में सब्जियों की दुकानें लगायी जाती है। हालांकि जगह कम होने के कारण दुकानदार आपसी समन्वय से स्थान बनाकर दुकानें लगाते है। इससे बाजार में दुकान लगाने वाले सभी विक्रेताओं का कारोबार चल रहा है। दुकानदारों ने बताया कि हम सभी को रोजगार करना है, इसलिए जितना स्थान मिला है। उसी में हमलोग समन्वय बनाकर दुकानदारी करते है।**




## एक नजर

### प्रेस क्लब बरकट्ठा का वन भोज सह मिलन समारोह संपन्न



**बरकट्ठा।** एशिया के सबसे गर्म जल कुंड व ऐतिहासिक पर्यटक स्थल सूरजकुंड धाम स्थित डाक बंगला परिसर में रविवार को प्रेस क्लब प्रखंड इकाई बरकट्ठा का वन भोज सह मिलन समारोह संपन्न हो गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेस क्लब बरकट्ठा के अध्यक्ष गोपाल प्रसाद व संचालन सचिव रामकृष्ण पांडेय ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष गोपाल प्रसाद ने? कहा कि पत्रकार समाज में दर्पण के रूप में कार्य करते हैं, पत्रकारों के व्यक्तित्व की पहचान हमेशा उनकी निष्पक्ष पत्रकारिता व समाज में निः स्वार्थ भाव से किए कार्यों से ही होती है इसलिए हमलोगों को निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता से ही संगठन की पहचान और मजबूती प्रदान बनेगी।

### डीजल टैंकर की चपेट में आकर महिला की मौत

**रामगढ़।** कुजू ओपी क्षेत्र के नयामोड़-गिद्दी हिरक मार्ग के ओरला जंगल के पास डिजल टैंकर के चपेट में आकर एक महिला की मौत हो गयी। जबकि मृतका के पति घायल हो गये । बाद में उन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार कनकी पुरनाडीह निवासी रामपाल महतो अपनी पत्नी राधिका देवी( 45 वर्ष) के साथ बाइक संख्या जेएच01बी- 2297 पर सवार होकर बहू से मिलने रामगढ़ अस्पताल जा रहे थे। उसी क्रम में ओरला जंगल के पास सड़क पर बना गड्ढा होने के कारण बाइक धीरे होने के कारण पीछे से आ रहे रिलायंस डीजल टैंकर एनएल03एए- 2258 ने अपनी चपेट में ले लिया।

### माही एवं तृप्ति को मिली जन्मेजय कुमार स्मृति छात्रवृत्ति



**हजारीबाग।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुम्हारटोली, की छात्रा माही एवं तृप्ति को जन्मेजय कुमार स्मृति छात्रवृत्ति प्रदान की गई । गौरतलब है कि विद्यालय के मेधावी एवं यशस्वी पूर्व छात्र जन्मेजय कुमार की पुण्य स्मृति में दोनों बहनों को सत्र 2024 -25 के लिए उपर्युक्त छात्रवृत्ति प्रदान की गई । ज्ञात हो कि भैया जन्मेजय कुमार सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ,कुम्हारटोली से पढ़ाई करने के पश्चात सामाजिक कार्यों से जुड़े रहकर समाज सेवा के कार्य में लगे हुए थे ।कोरोना काल में समाज सेवा के क्रम में उनका निधन हो गया ।वर्ष 2024-25 के लिए जन्मेजय कुमार स्मृति छात्रवृत्ति दो वंचित समाज की मेधावी छात्राओं को प्राप्त हुई है। जिसमें माही कक्षा नौ की छात्रा है और पुलिस अफसर बनना चाहती है एवं कुमारी तृप्ति कक्षा नौ की छात्रा है और डाक्टर बन कर समाज की सेवा करना चाहती है। दोनों के पिता मजदूर हैं।



## ये वादियां, ये फिजाएं बुला रहीं हैं तुम्हे . . .

# वर्ष 2023विदाई की चौखट पर खड़ा है और नववर्ष की किलकारियां गूंजने लगीं

**नवीन मेल संवाददाता। भुरकुंडा** खट्टी-मीठी यादों को खुद में समेटे वर्ष 2023 विदाई की चौखट पर खड़ा है। वहीं अब फिजा में नववर्ष 2024 की किलकारियां गूंजने लगी हैं। ऐसी मधुर बेला में पतरातू प्रखंड के तमाम पिकनिक स्पॉट आपकी राह में पलकें बिछाए तैयार हैं। इस श्रृंखला के पहले पायदान में है पतरातू डैम, जहां रिसार्ट के ठाट के साथ आप खूबसूरज डैम का नजारा ले सकते हैं। प्रकृति की गोद में प्रवासी पक्षियों के साथ यहां बोटिंग का अपना अलग ही मजा है। वहीं डैम के बीचों-बीच नेतुआ टापू तो बरबस ही सैलानियों का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट करता है। नॉर्मल व फास्ट बोटिंग का आनंद उठाते हुए आप इस टापू तक पहुंच सकते हैं। यही नहीं, डैम का वॉल और फाटक भी सैलानियों को बरबस आकर्षित करता है। पतरातू का पलानी फॉल भी पर्यटकों को खूब भाता है, जो डैम से महज कुछ दूरी पर स्थित है। फिलहाल इस प्राकृतिक झरने से बहुत कम पानी नीचे उतर रहा है। यहां सैलानियों को डैम का फाटक भी खूब भाता है। आप यहां पिकनिक के साथ बोटिंग का भी आनंद उठा सकते हैं।

### नलकारी दामोदर का संगम स्थल भी लाजवाब

यदि आप किसी धार्मिक स्थल पर नववर्ष का स्वागत करना चाहते हैं तो नलकारी और दामोदर नद के संगम स्थल सौंदा दोमुहान पर आइए। यहां आप वनभोज के साथ संगम में डुबकी लगा कर मंदिर में पूजा-अर्चना कर सुकुन पा सकते हैं। कुछ ऐसा ही नजारा भदानीनगर स्थित आईएजी डैम परिसर का है, जहां खुली घूप का आनंद उठाते हुए आप सपरिवार पिकनिक का आनंद उठा सकते हैं।

**जलेबिया घाटी की तो बात ही निराली :** नववर्ष में जलेबिया घाटी के नाम से मशहूर पतरातू घाटी का शानदार लोकेशन आपकी पिकनिक को यादगार बना सकता है। यहां आप परिवार के साथ तस्वीरें खींचवा कर अपने ट्रिप को यादगार बना सकते हैं। वहीं जलेबी की तरह घूमावदार घाटी के पीछे डैम और हरियाली का शानदार बैकग्राउंड सेल्फी लेने वालों को खूब आकर्षित करता है।

**कल कल कर बहते निम्मी झरने की बात ही निराली :** कुछ ऐसा ही नजारा निम्मी झरने का है। पहाड़ की गोद में हरे-भरे पेड़-पौधों के बीच कल-कल करते इस झरने का पानी आपके पिकनिक को चार चांद लगा सकता है। यह नजारा भदानीनगर मतकमा चौक से करीब 7 किलोमीटर दूर ताबां घाटी में आपकी प्रतीक्षा कर रहा है।

**23 सौ मीटर टनल के बीच बूचानाला का अद्भूत नजारा :** हालिया दिनों तैयार हुई कोडरमा-हजारीबाग-रांची रेलखंड में बने 23 सौ मीटर टनल के बीच स्थित है बूचानाला, जिसका खूबसूरत नजारा पिकनिक के लिए बेहतरीन स्पॉट है। यह इलाका बारीडीह में पड़ता है। यहां रेलखंड में दो टनल का निर्माण हुआ है। एक टनल 17 मीटर लंबा है तो दूसरा छः सौ मीटर। इन दोनों टनल के बीच बूचानाला है। घुटुवा दो नंबर गेट से इस स्पॉट की दूरी करीब छः किलोमीटर है। वहीं भदानीनगर मतकमा चौक से करीब 15 किलोमीटर का फासला तय कर आप यहां पहुंच सकते हैं।

### रितेश खण्डेलवाल ने अनोखे अंदाज में किया नववर्ष का स्वागत

# रक्तदान कर समाज के प्रति पेश किया संदेश



नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग शहर के सामाजिक कार्यकर्ता सह पत्रकार रितेश खण्डेलवाल ने मानवता की सेवा कर मिशाल पेश करते हुए , एक जरूरतमंद के लिए खुद स्वैच्छिक रक्तदान किया। शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज ऑफ अस्पताल में इलाजरत व्यक्ति के लिए चिकित्सकों ने रक्त उपलब्ध कराने का निर्देश परिजनों को दिया जिसके बाद परिजनों के द्वारा विभिन्न जगहों पर संबंधित रक्त की खोजबीन की गई, कहीं रक्त उपलब्ध न होने पर परिजनों ने रितेश खंडेलवाल से संपर्क किया इसके बाद रितेश खण्डेलवाल ने तुरंत शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज ऑफ अस्पताल के ब्लड बैंक पहुंचकर रक्त दान कर मानवता के प्रति मिसाल पेश किया। रितेश खण्डेलवाल के रक्तदान करते समय मौजूद रहे हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन ने रितेश खण्डेलवाल का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि रितेश की सोच अन्य लोगों से हमेशा अलग होती है, हम आपकी उज्ज्वल भविष्य की कामना करते है, वहीं उनके साथ रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव तनवीर सिंह ने इस ने कार्य के लिए बधाई देते हुए कहा कि हर व्यक्ति को ऐसे मौके पर रक्तदान अवश्य करना चाहिए। रितेश की उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं।मौके पर रितेश खण्डेलवाल ने कहा कि रविवार को मैंने 14वीं बार रक्तदान किया। रक्तदान कर मन को अपार संतुष्टि प्राप्त हुई है।

# विद्यार्थियों को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** जीएम महाविद्यालय, इचाक के विद्यार्थियों को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण जो रांची के साइंस सिटी,टैगोर हिल, रुक्का डेम,बिरसा जैविक उद्यान का भ्रमण कराया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य शंभू कुमार ने सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों को हरी झंडी दिखा कर बस को रांची भ्रमण स्थल के लिए रवाना किया। साइंस सिटी में सभी विद्यार्थियों ने बहुत ही बारीकी से अध्ययन कर अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया। टैगोर हिल में विद्यार्थियों ने रांची का पूरा मनमोहक नजारा देख कर बहुत ही खुश नजर आ रहे थे। रुक्का डेम में प्राकृतिक सौंदर्य में मनमोहक दृश्य को देखकर सभी खुश थे, रुक्का डेम में ही भोजन की व्यवस्था था जो सभी विद्यार्थियों को भोजन कराया गया। बिरसा जैविक उद्यान में भी विद्याथीयों ने शेर, लोमड़ी, हाथी, चिता, जंगली बिल्ली, मोर, मगरमच्छ, दरियाई घोड़ा,अनेक नस्ल की हिरण,तरह तरह का पशु पक्षी भी देख कर खुश नजर आ रहे थे।इस शैक्षणिक भ्रमण को सफल बनाने में महाविद्यालय प्रभारी पंकज कुमार, शिक्षक रत्नेश कुमार राणा, अजीत हंसदा, रियाज अहमद, संगम कुमारी, प्रनत कुमार दास, राजकुमार दास, संजीत कुमार, आशीष पांडे,प्रिया कुमारी, सुनीता टोप्पो का योगदान रहा।

### अक्षत कलश के साथ नगर भ्रमण संपन्न

# एक जनवरी को नववर्ष के स्थान पर श्रीराम की आगमन की दें बधाई : गुरुदेव



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** अयोध्या में पूजित अक्षत कलश का रविवार को बरही में नगर भ्रमण कराया गया। नगर भ्रमण भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, प्रखंड संयोजक चंदन केशरी, सह संयोजक कैलाश ठाकुर की अगुवाई में निकाला गया। जिसमें पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव सहित सैकड़ों रामभक्त शामिल रहे. भ्रमण के क्रम में महिलाएं अपने सर पर अक्षत कलश लेकर चल रही थी. उनके पीछे रामभक्तों का काफिला जय श्रीराम के गगनभेदी नारों के साथ चल रहे थे। साथ ही लोगों से श्रीराम मंदिर उद्घाटन के दिन आगामी 22 जनवरी को पूरे बरही को में अयोध्या जाने का आमंत्रण भी दे रहे थे। इसके साथ ही मंदिर उद्घाटन के दिन सभी मंदिरों को सजाने, भजन, कीर्तन, दीप प्रज्वलन और प्रसाद वितरण करने की अपील भी कर रहे थे। नगर भ्रमण गया रोड स्थित छोटा शिवालय में पुजार्चन से प्रारंभ हुआ. जो गया रोड स्थित रेलवे ओवरब्रिज, तिलैया रोड नहर,धनबाद रोड, कोनरा स्थित जगन्नाथ मंदिर होते हुए हजारीबाग रोड बरहीडीह मोड़ होकर पुनः गया रोड स्थित छोटा शिवालय परिसर पहूंचा. जहां हनुमान चालीसा पाठ, आरती एवं श्री राम स्तुति के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया. विहिप जिला सह मंत्री ने लोगो से अनुरोध किया कि 2024 की पहली जनवरी को हम नववर्ष की जगह प्रभु श्रीराम के गृह आगमन वर्ष की बधाई दें. हमारा नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को मनाया जाता है और अभी प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी चल रही है. लोगो से पूजित अक्षत को अपने पूजा स्थान, तिजोरी में स्थान दें और श्रीराम मंदिर के प्रारूप के साथ पूजन अर्चन करने की अपील किया। इस कार्य क्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र सह सेवा प्रमुख त्रिवेणी साहु, नंदकिशोर कुमार, कैलाश ठाकुर, प्रदीप चंद्रवंशी, निरंजन केसरी, कृष्ण केसरी, राजदेव यादव आदि सहित कई रामभक्त शामिल थे।

### 20 वर्षों से हेमंतपुर-जांगी सड़क जर्जर : पंकज महतो



**रामगढ़।** किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के बैनर तले शनिवार को ग्राम जांगी में मगनपुर पंचायत कमेटी का गठन किया गया। जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ नेता बबलू अंसारी व संचालन परवेज अंसारी ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय संयोजक पंकज महतो ने सभी नए सदस्यों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि झारखंड बने 23 वर्ष हो गए पर खनिज संपदा से भरपूर राज्य होते हुए भी यहां की अधिकांश जनता गरीब है जो अपनी मूलभूत समस्याओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा की पानी, सड़क, शिक्षा, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन,राशन कार्ड बनवाने के लिए लोग सरकारी कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं। हेमंतपुर से जांगी तक की सड़क लगभग 20 वर्षों से जर्जर है। कहा इस सड़क को पूर्व मंत्री चंद्र प्रकाश चौधरी और पूर्व विधायक ममता देवी ने भी नहीं बनवाया चुनाव के समय लोगों को सिर्फ झूठा आश्वासन दिया गया। पंकज महतो ने कहा की आने वाले समय में इस सड़क के मुद्दे पर आंदोलन किया जाएगा। मगनपुर पंचायत कमेटी में अध्यक्ष योगेंद्र महतो, उपाध्यक्ष आसमा बेगम, सचिव मोहिद्दीन अंसारी, कोषाध्यक्ष रूपन दांगी बनाया गया। मौके पर अशोक महतो, समसुल हक, कादरी हुसैन, रवि महतो, शीला देवी, राखी देवीआदि को सदस्य बने मोके जिलानी खान शंभू बेदिया, बाबू भाई करमाली, कौलेश्वर कुशवाहा आदि उपस्थित थे।

### सरकार विभिन्न विभागों के रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति करे : रमेश कुमार महतो



**रामगढ़।** नववर्ष 2024 रामगढ़ जिला सहित राज्यभर के लोगों के लिए खुशहाली और उन्नति लेकर आए यही मेरी कामना है। उक्त बातें जेबीकेएसएस के जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने कही। उन्होंने कहा की राज्य सरकार विभिन्न विभागों के लंबित पड़े पदों पर नियुक्ति कर पदों को भरे और राज्य में रोजगार का अवसर बढ़ाने का कार्य करे। ताकि बेरोजगारी दूर हो।

### जिला में व्यवसाय बढ़े और खुशहाली आए: धनंजय कुमार पुटूस



रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति के केंद्रीय अध्यक्ष धनंजय कुमार पुटूस ने कहा की वर्ष 2024 में जिले में व्यवसाय बढ़े और खुशहाली आए यही मेरी जिला वासियों के लिए कामना है। उन्होंने कहा की कोरोना के कारण जिला में व्यवसाय पर जो प्रतिकूल प्रभाव पड़ा था उससे अब जिला उबर रहा है और नववर्ष में जिला का विकास होगा और लोगों की खुशहाली बढेगी।

### शिक्षकों से केवल शैक्षणिक कार्य करवाया जाए: अनिल कुमार रवि



**रामगढ़।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुरूम के सहायक शिक्षक अनिल कुमार रवि ने कहा की राज्य सरकार शिक्षकों से केवल शैक्षणिक कार्य करवाए। उन्होंने कहा की शिक्षकों को अन्य कार्यों में लगाए जाने से शिक्षा प्रभावित होती है। क्योंकि अन्य कार्यों में व्यस्त होने के कारण शिक्षक बच्चों को पढ़ाने के लिए पूरा समय नही दे पाते हैं।

### प्रतियोगिता परीक्षाओं का आयोजन समय पर हो : विकास कुमार



छात्र विकास कुमार ने कहा की नववर्ष में राज्य सरकार राज्य में प्रतियोगिता परीक्षाओं का आयोजन समय पर करवाए। ताकि राज्य में रोजगार के अवसर बढ़ें और बेरोजगारी दूर हो सके। उन्होंने कहा की जेपीएससी सहित सभी प्रतियोगिता परीक्षाओं का आयोजन समय हो यही मेरी नववर्ष की कामना है।

### जरूरतमंदों के बीच कंबल का हुआ वितरण



**बरही।** राज्य सरकार के कल्याणकारी योजना अंतर्गत डपोक पंचायत के गरजामु में कंबल वितरण किया गया। वितरण कार्यक्रम स्थानीय मुखिया पति अर्जुन राम की निगरानी में आयोजित की गई थी। वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से अल्पसंख्यक कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष मो कयूम अंसारी सहित पंचायत समिति सदस्य रमजान अंसारी, उपमुखिया बलराज यादव, वार्ड सदस्य मो सलामत, मौलाना सलामत आदि सहित कई लोग मौजूद थे। इस कार्यक्रम में मुंदरी देवी, मसोमात तेजनी, मूर्ति, दुखनी, पचिया, मेनवा, चमेली, बंधनी, ललिया, मुनेजा, अमन यादव, जबार मियां, वसरली मियां आदि सहित कुल 50 लोगो को कंबल दिया गया। अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष ने बताया कि यह राज्यसरकार की जनकल्याणकारी योजना है। परंतु कंबल की संख्या बढ़ानी चाहिए।

## खट्टी मीठी यादों और कई उम्मीदों के साथ हो गई 2023 की विदाई

# तीन पदाधिकारियों ने जनता का दिल जीता

**जयदीप कुमार सिन्हा**

बरही । वर्ष 2023 की विदाई होने ही वाली है। कई खट्टे मीठे यादों को छोड़ एक दिन बाद 2024 का पदार्पण होगा। जिसके स्वागत के लिए हम सभी तैयार है।



वर्ष 2023 जनवरी से ही विवादो से घिरा रहा है। वर्ष प्रारंभ होते ही 2 जनवरी को दुलमहा के लखना निवासी मो खलील और उसके साथियों पर बरियठ्ठा के बिरहोर परिवार को गोमांस खिलाने का मामला सामने आया। जिसे तत्कालीन पुलिस इंस्पेक्टर ललित कुमार व एसडीपीओ नाजिर अख्तर की सूझबूझ ने मामले को सामान्य बनाया गया। 11 जनवरी गोविंद यादव मामले में पूर्व विधायक पर एफआईआर का मामला भी विवादो में घिरा रहा। 18 जनवरी की सड़क दुर्घटना में करियातपुर में चार स्कूली छात्राओं की मौत, 28 जनवरी को धोबघट के मनोज हांसदा पर गर्म पानी छिटे जाने का मामला, 9 फरवरी को चौपारण सीएचसी के चिकित्सक की सड़क हादसे में मौत, गौरिया करमा के समाजसेवी कारू चौधरी का निधन, महापर्व छठ के नहाए खाए के दिन बरही चौक पर सड़क दुर्घटना में बच्चे की मौत सहित धनवार पंचायत में दो सगे भाइयों की डोभा में डूबकर हुई मौत ने पूरे प्रखंड को झकझोर दिया। 4 जनवरी को अनुमंडलीय अस्पताल में ऑटो एनालाइजर की शुरूआत, पशु शरण स्थली के लिए चकुरा में 0.50 एकड़ और अनुमंडलीय कोर्ट के लिए 4 एकड़ जमीन का आवंटन, चितहवा पुल, बसरिया ऊर्फ पंचमाधव स्थित जलमीनार आदि कई पुल पुलिया का निर्माण, 20 मार्च को रॉयल ऑर्किड के विद्यार्थी व कोनरा का 13 वर्षीय बालक की फांसी लगाकर आत्महत्या का मामला, 26 मार्च को प्रसव के दौरान तुरी टोला कोनरा निवासी रानी देवी का मृत शिशु का जन्म, 30 अप्रैल को चतरो निवासी रोहित पांडेय और 9 मई को विजैया के महेंद्र यादव की मौत, घटिया कार्य करवाने के विरोध में आवाज उठाने वाले आईटीआई के प्राचार्य रविन्द्र प्रसाद पर संवेदक द्वारा मामला दर्ज करवाना, 7 जुलाई को सीओ आवास में चोरी, 19 जुलाई का पुलिस हाजत में हुई मौत, 28 जुलाई का बरसोत स्थित एसबीआई एटीएम सहित लगभग सवा अठारह लाख की चोरी, भीम आर्मी सेना का प्रदर्शन, खोड़ाहार पंचायत स्थित वन भूमि की जमीन की बिक्री को लेकर तत्कालीन सीओ अरविंद देवाशीषी टोप्पो की संलिप्ता आदि जैसे कई मामले पुलिस सहित स्थानीय लोगो के लिए सर दर्द बना रहा। जिसमें आज भी कई मामले पुलिस के लिए पहेली और अनुसुलझी बनी हुई है।

जिसकी है उम्मीदः सन 2023 की समाप्ति में मात्र एक दिन बचे हैं और आज भी कई बरही के विकास के कई अनसुलझे सवाल शेष है। बरही की ट्रैफिक व्यवस्था व सरकारी बस स्टेंड का संचालन सहित बरही बाजार का स्थानांतरण, अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टमार्टम हाउस सहित ब्लड बैंक की शुरूआत, जवाहर घाट स्थित इंटेक वेल से बरही वासियों के लिए जलापूर्ति, अनुमंडलीय कोर्ट का निर्माण आदि कई योजनाएं जो 2023 में पूरे नही किए जा सके। इस वर्ष बरही को सीओ रामनारायण खलखो, पुलिस इंस्पेक्टर रोहित कुमार सिंह और सहायक विद्युत अभियंता सत्यदेव प्रसाद जैसे युवा और उजार्वान पदाधिकारी मिले है। जिनसे बरही वासियों को विशेष उम्मीद है। शायद 2024 में यह सारी व्यवस्थाएं दुरुस्त हो इन्ही कामनाओं के साथ क्रिसमस नव वर्ष मंगलमय हो।

### व्यवसायी अशोक अग्रवाल का निधन, विधायक ने बतायी व्यक्तिगत क्षति



**हजारीबाग।** शहर के नामचीन व्यवसाई कानी बाजार निवासी अशोक अग्रवाल का रविवार को 67 साल की उम्र में निधन हो गया। पिछले कुछ समय से वे लगातार बीमार चल रहें थे।स्व अग्रवाल अपने पीछे एक पुत्र और एक पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।बीते शुक्रवार की शाम को ही हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल ने अस्पताल जाकर उनसे मुलाकात की थी।उन्होंने अशोक अग्रवाल के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए ईश्वर से उनके दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजनों को इस विकट दुःख से उभरने का अदम्य साहस प्रदान करने की कामना की।श्री जायसवाल ने उनके निधन को अपने और जायसवाल परिवार के लिए व्यक्तिगत क्षति भी बताया ।

### महादेव चट्टान मेला को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक

# लगातार तीसरी बार अध्यक्ष बने पुरुषोत्तम कुमार महतो



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नं 27 गोबरदरहा के शिव मंदिर प्रांगण में गोबरदरहा के लोगों द्वारा महादेव चट्टान मेला के आयोजन को लेकर बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता सोरेन महतो एवं संचालन राजेन्द्र महतो के द्वारा किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 14 जनवरी को महादेव चट्टान में टुसु पर्व मेला का आयोजन किया जाएगा। मेला को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए सर्वसम्मति से कमिटी के गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार महतो,सचिव सुजीत कुमार, कोषाध्यक्ष कुंवर महतो एंव संरक्षक राजेन्द्र महतो,कैलाश महतो, विनोद महतो, संजय महतो, सोरेन महतो, कुंजलाल महतो, उमेश महतो, विष्मम्भर महतो, आनन्द महतो, कमलनाथ महतो को बनाया गया। मौके पर पुरुषोत्तम कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि टुसु पर्व के शुभ अवसर पर एकदिवसीय मेला आयोजित की जाएगी जिसमें आर्केस्ट्रा का आयोजन किया जाएगा। विभिन्न प्रकार की मिठाईयों का स्टाल लगाया जाएगा इसके लिए बंगाल छत्तीसगढ़ से दुकानदारों को आमंत्रित किया जायेगा। मौके पर दौलत महतो, विकास महतो, अजित कुमार, शशिकांत पांडेय,ब्रह्मदेव कुमार आदि अन्य लोग उपस्थित थे।

## एक नजर

### मशरूम पालन प्रशिक्षण का हुआ समापन कोलेबिरा विधायक रहे मौजूद



**ठेठईटांगर ।** प्रखंड के पंचायत भवन में उद्यान विभाग द्वारा आदिवासी कृषक महिला कल्याण परिषद के तत्वधान में उद्यानिकी प्रशिक्षण एव मशरूम का वितरण किया गया कार्यक्रम में विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी सभी प्रशिक्षण करने वालों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। विधायक ने कहा कि मशरूम उत्पादन पिछले कुछ वर्षों में किसानों का तेजी से बढ़ा है। मशरूम की खेती बेहतर आमदनी का जरिया बन गया है। बस कुछ बातों का ध्यान रखना होता है बाजार में मशरूम का अच्छा दाम मिल जाता है। अलग-अलग राज्यों में किसान मशरूम की खेती से अच्छा मुनाफा कमा रहे हैं। कम जगह और कम समय के साथ ही इसकी खेती में लागत भी बहुत कम लगती है। मशरूम की खेती के लिए किसान किसी भी कृषि विज्ञान केंद्र या फिर कृषि विश्वविद्यालय में प्रशिक्षण लेकर इसकी खेती करे।

### हाथी के कुचलने से 20 वर्षीय युवक की हुई मौत



सिमडेगा। साल का अंतिम दिन नहीं अंतिम समय में काल के गाल चढ़ गया एक 20 वर्षीय युवक। घटना जलडेगा-ओडगा ओपी थाना क्षेत्र ढेलसेरा जामुन टोली की है । प्राप्त जानकारी के अनुसार उडीसा-झारखंड सीमांत ग्राम ढेलसेरा जामून टोली निवासी बिरसन जोजो उर्फ डुंडुं नामक 20 वर्षीय युवक ग्राम नजदीकी उडीसा पुरनापानी सप्ताहिक बाजार से घर लौट रहा था। अचानक एक जंगली हाथी के साथ आमने-सामने का मुठभेड़ हो गया और जंगली हाथी ने पटकर मार डाला। घटना के बाद ग्रामीण दहशत में हैं। ग्रामीणों ने बताया बिगत कई दिन से एक जंगली हाथी गांव के आस पास घुम रहा है। कभी उडीसा की ओर चला जाता है। तो कभी झारखंड के गांवों में घुमता है। हाथी के इस प्रकार के अचानक आने जाने से काफी ग्रामीण काफी दहसत में थे । कभी-कभी बेवजह रात जगा करना पड़ता और रविवार देर शाम गांव का युवक हाथी की चपेट में आ गया। घटना के बाद ग्रामीण अपने हाल में किसी प्रकार की कोई मदद अभी तक नहीं मिला है।

### जिप सदस्य अजय एक्का ने घायलों से की मुलाकात

**सिमडेगा।** ठेठईटांगर पश्चिमी जिप सदस्य अजय एक्का ने कोरोमियां स्कूल के समीप कार एवं मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल जपलंगा निवासी निरंजन कुजूर एवं भुटकुदर निवासी फेलिक्स बिलुंग से सदर अस्पताल पहुंचकर की मुलाकात एवं हालचाल जाना तथा चिकित्साकों एवं अस्पताल प्रबंधन से समुचित देखभाल करने की आग्रह किया।





# कोडरमा जिले के कई मनोरम स्थलों पर जुटेंगे हजारों सैलानी, सुरक्षा रहेगी चाकचौबंद

**नवीन मेल संवाददाता। कोडरमा** नए साल पर कोडरमा जिले के मनोरम स्थलों पर सैलानी जुटेंगे तो वहीं स्थानीय लोग भी पिकनिक मनाने पहुंचेंगे। कोडरमा के तिलैया डैम को झारखंड ध्वजाधारी पहाड़, झुमरीतिलैया का झरना कुंड, दोमुहानी धाम और मरकच्चो का पंचखेरो डैम, सतगावां का पेट्रो जलप्रपात और तिलैया से सटा वृन्दाहा जल प्रपात, कई ऐसी जगहें हैं जहां का दृश्य लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है। इनमें तिलैया डैम में सबसे अधिक भीड़ जुटती है। झुमरीतिलैया स्थित झरना कुंड धाम जहां लोग बाबा भोले के शिवलिंग पर जलाभिषेक के लिए पहुंचते हैं। साथ ही इन इलाकों में प्राकृतिक वादियों के बीच लोग पिकनिक का आनंद भी लेते हैं। चंदवारा प्रखंड में दो नदियों के संगम स्थल पर स्थित दोमुहानी धाम को पर्यटन स्थल का दर्जा मिला है। यहां सालों भर शिव भक्तों का आना जाना लगा रहता है। कोडरमा और गिरिडीह के 80 गांव में सिंचाई की सुविधा बहाल करने के मद्देनजर तैयार की गई पंचखेरो जलाशय इन दिनों लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। डैम के पानी और उसके आसपास लोग नए साल के स्वागत का जश्न हो या खुशी का कोई और मौका लोग यहां बड़ी संख्या में पिकनिक मनाने आते हैं। सतगावां का पेट्रो भी लोगों को खूब लुभाता है। उपायुक्त मेघा भारद्वाज और पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने लोगों को नए साल की बधाई देते हुए कहा कि लोग जश्न मनाएं पर सुरक्षित तरीके से और अच्छे वातावरण में मनाएं।

**पिकनिक स्पॉट पर की गयी है पूरी व्यवस्था :** कोडरमा जिले के पिकनिक स्पॉट पर कोडरमा पुलिस की पैनी नजर है। साथ ही हुड़दंगियों पर नकेल कसने के लिए भी कोडरमा पुलिस ने विशेष तैयारी कर रखी है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से कोडरमा पुलिस द्वारा विशेष तैयारी की गई है। पिकनिक स्पॉट पर सैलानियों की सुविधा के लिए कोडरमा पुलिस के द्वारा पुलिस हेल्प डेस्क बनाया गया है जबकि पिकनिक स्पॉट पर पार्किंग के लिए अलग इंतजाम किए गए हैं ताकि पर्यटक स्थल पर लगने वाले जाम की समस्या से भी निपटा जा सके और पर्यटक स्थल पर पहुंचे लोगों को घूमने फिरने में किसी प्रकार की कोई दिक्कत ना हो। इधर, तिलैया डैम में वोटिंग के लिए लाइफ जैकेट जरूरी है जबकि डैम के पानी में नहाने पर पाबंदी लगाई गई है। इसके अलावा ड्रंक एन्ड ड्राइव पर भी नजर रखी जा रही है। कोडरमा एसपी अनुदीप सिंह ने बताया कि जिले के तमाम पर्यटन स्थलों पर पुलिस के द्वारा विशेष चौकसी बरती जाएगी। इसके अलावा सुरक्षित पर्यटन के साथ लोगों के जश्न में खलल न पड़े, इसके लिए शराब पीने वालों पर भी नजर रखी जा रही है।

## आज से घर-घर बांटा जाएगा अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए आमंत्रण



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** अयोध्या में होने वाले 22 जनवरी को भगवान राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आज से सिमडेगा जिले के 94 पंचायत के प्रत्येक सनातनी घरों में 15 दिनों तक अलग-अलग टोली एवं अलग-अलग समूह में जाकर राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए आए हुए पूजित अक्षत पत्रिका सन्देश एवं राम मंदिर की तस्वीर लोगों को देकर राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए आमंत्रण किया जाएगा। जानकारी देते हुए विहिप जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव ने बताया है कि भगवान राम जन जन के हैं और 500 सालों के लंबे संघर्ष के बाद ऐतिहासिक समय आ पहुंची है ,जहां पर भगवान राम अपने भव्य मंदिर पर विराजमान होंगे और इसको लेकर करोडों सनातनी लोगों के अंदर एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है । भगवान राम आदर्श पुत्र के साथ आदर्श राजा आदर्श पति आदर्श पिता का कर्तव्य पालन किया था और आज लंबे संघर्षों के बाद हम सौभाग्यशाली हैं कि भगवान राम का मंदिर देख रहे हैं। इसमें सभी लोगों का बलिदान है जो कि आज हम भव्य प्राण प्रतिष्ठा के लिए आमंत्रण के रूप में लोगों के बीच जा रहे हैं ।वही जिला प्रचार प्रसार

## समाजसेवी भरत प्रसाद ने 230 महिलाओं के बीच बांटी साड़ी



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** साल के अंतिम दिन के मौके पर रविवार को समाजसेवी भरत प्रसाद के द्वारा बाजार समिति में कार्यक्रम आयोजित करते हुए एकल नारी संगठन की 230 महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनुमंडल पदाधिकारी महेंद्र छोटन उरांव, विशिष्ट अतिथि अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डेविड ए ढोढ़राय एवं विशिष्ट अतिथि के रूप मुंबई के नासिक से आए हुए सुनील शिवाजी मौजूद रहे। कार्यक्रम में मंच संचालन तेजबल शुभम के द्वारा किया गया। मौके पर एकल नारी संगठन की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई जहां पर महिलाओं ने अपने साथ सामाजिक हिंसा पारिवारिक हिंसा एवं सरकार से मिलने वाली कई सुविधाओं को अब तक नहीं मिल पाने की जानकारी दी। जिस पर अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि संबंधित अंचल में जाकर आप अपनी सरकारी योजनाओं का लाभ लें, कहीं पर अगर समस्या आ रही है तो उन समस्याओं को दूर किया जाएगा। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने भी कहा कि किसी प्रकार की कानूनी समस्या के लिए आप 24 घंटा जिले के किसी भी थाने में जाएं वहां सुनवाई नहीं होती है तो इसकी शिकायत आप मुझे कर सकते हैं। मौके पर 230 महिलाओं के बीच बारी-बारी से वस्त्र का वितरण किया गया इसके अलावा भोजन करते हुए उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं दी गई मौके पर समाज से भारत प्रसाद के अलावा उनके कर्मचारी मौजूद रहे इधर वस्त्र प्रकार एकल नारी संगठन के सभी महिलाओं ने भारत प्रसाद का आभार व्यक्त किया।

### सिमडेगा विधायक के प्रयास से झिरकामुंडा बस्ती के लिए लगा नया ट्रांसफार्मर



**कुरडेग।** कुरडेग प्रखण्ड के झिरकामुण्डा तालाब के पास विधायक भुषण बाड़ा के निर्देशानुसार 63 केवीए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन जिला बीस सुत्री उपाध्यक्ष मनोज जयसवाल ने विधिवत नारियल फोड़कर एवं फीता काटकर किया। मौके पर उपस्थित लोगों ने बताया कि पिछले सप्ताह ट्रांसफार्मर जल गया था जिसकी सुचना हम लोगो ने जिला बीस सुत्री उपाध्यक्ष मनोज जयसवाल को दी थी।श्री जयसवाल ने इसकी सुचना सिमडेगा विधायक भुषण बाड़ा को दी ।इसके बाद विधायक ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज एक सप्ताह के अन्दर 63 केवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध करा दिया। नया ट्रांसफार्मर लग जाने लोगो हर्ष जताते हुए विधायक के प्रति आभार प्रकट किया।

### किसानों का पांच दिवसीय बागवानी प्रशिक्षण संपन्न



**बानो।** बानो प्रखण्ड बांकी में पांच दिवसीय प्रशिक्षण का समापन किया गया ।इस प्रशिक्षण में विभिन्न प्रकार की योजाना जो किसान को आत्म निर्भर बना सकें। जैसे टमाटर की खेती, बैगन की खेती, मिर्चा की खेती के बारे में जानकारी दी गई ।मशरुम की खेती के बारे में जानकारी दी गई साथ ही जैविक खेती के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण में किसानों को टमाटर का देशी किस्म पूसा रूबी ,पूसा -120,शीतल ,पूसा गौरव तथा संकर किस्म के पूसा हाइब्रिड-1आदि उन्नत के बारे में जानकारी दी गई। इसके लिए पूर्व नर्सरी में बुवाई हेतु 1/3का कियारी बनाकर इसमे जैविक खाद 30 ग्राम प्रति वर्ग मीटर से मिलाना है। पौधे की दूरी 5 से मी की कतार में बुवाई की जा सकती है ।बीज के बोने के बाद खाद का उपयोग करें ।पौधों में मिट्टी चढ़ाने के बाद सहारा देना आवश्यक है।

### बोलबा में पांच दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण संपन्न




**बोलबा।** बोलबा प्रखण्ड मुख्यालय में कृषि पशुपालन एवं सहकारिता उद्यान विभाग के द्वारा पांच दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस मौके पर मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें आजिविका सखी मंडल के महिलाएं प्रशिक्षणमें शामिल हुई ।समापन समारोह में समसेरा मुखिया सुरजन बड़ाईक द्वारा मशरूम प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे बताया गया कि आज इस क्षेत्र में लोग घर में मशरूम उत्पादन कर अपना आय बढ़ाकर अपने परिवार का लालन-पालन कर आत्मनिर्भर बन सकते हैं। जिस प्रकार गांधी मेला में महिलाएं कृषि प्रदर्शनी में मधुमक्खी,बांस से बने वस्तु, आंचार, पापड़ आदि अनेक जींचे बनाकर बेचती हैं और अपनी आमदनी दुगुनी करते है । प्रतिभागियों को संबंधित विषय का प्रमाण पत्र के साथ कृषि कीट वितरण किया गया। मौके पर ऐम्स जी, विपिन किशोर खेस्स,सुबोध खेस्स, जयन्ती कुमारी,के अलावे काफी संख्या में प्रशिक्षण ले रहे लोग अपस्थित थे।

## ग्रामीणों ने सुनी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रेडियो कार्यक्रम मन की बात



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** भारतीय जनता पार्टी सिमडेगा के सभी मंडलों एवं बूथों में प्रधानमंत्री के मन की बात का 108 वां संस्करण सुना गया। मन की बात सुनते हुए केंद्रीय मंत्री के सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने कहा कि प्रधानमंत्री हर महीने की आखिरी रविवार को मन की बात के जरिए आम लोगों से संवाद करते हैं। इसी क्रम में आज उन्होंने झारखंड के गढ़वा जिले के मंगलो गांव में बच्चों को कुडुख भाषा में शिक्षा दी जा रही है । इसके बारे में बताया इस स्कूल का नाम कार्तिक नाम आदिवासी कुडूख स्कूल है। इस स्कूल में 300 आदिवासी बच्चे पढ़ते हैं कुडूख भाषा उरांव आदिवासी समुदाय की मातृभाषा है कुडुख भाषा की अपनी लिपि भी है। जिसे तोलोंग सिकी नाम से जाना जाता है। इस स्कूल को शुरू करने वाले अरविंद उरांव कहते हैं कि आदिवासी बच्चों को अंग्रेजी भाषा में दिक्कत आती थी इसलिए उन्होंने गांव के बच्चों को अपनी मातृभाषा में पढ़ना शुरू कर दिया। मन की बात सुनने के पश्चात जिला के सोशल मीडिया प्रभारी रवि गुप्ता ने कहा की मन की बात में प्रधानमंत्री ने अपने जीवन में फिट रहने के फायदे बताएं और कहा कि जब भारत विकसित होगा तो इसके सबसे अधिक लाभ युवाओं को ही होगा। इसीलिए युवाओं को फिट रहना होगा, साथ ही उन्होंने अभिनेता अक्षय कुमार क्रिकेटर हरमनप्रीत कौर और विश्वनाथन आनंद से फिटनेस को लेकर उनके विचार साझा किया। इसके साथ ही उन्होंने नारी शक्ति की चर्चा करते हुए सावित्रीबाई फुले एवं रानी वेलु नचियार की चर्चा की और कहा कि देश की ऐसी दो विभूतियां हैं। उनका व्यक्तित्व ऐसे प्रकाश स्तंभ की तरह है ,जो हर युग में नारी शक्ति को आगे बढ़ने का मार्ग दिखाता रहेगा।

## आगजनी की घटना में प्रभावित किसानों को मुआजवा दे प्रशासन : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** बाघचट्टा पंचायत के मुंडलटोली निवासी पात्रिक तिर्की अपनी पत्नी के साथ रविवार को विधायक भूषण बाड़ा से मुलाकात की। मौके पर दोनों विधायक को एक ज्ञापन सौंपते हुए 25 दिसंबर को उनके खलिहान में लगे आगजनी की घटना की जानकारी दी। साथ ही मुआवजा राशि का भुगतान करवाने की अपील करते हुए घटना की जांच करवाने की मांग की। साथ ही दोषी लोगों पर कारवाई करवाने की भी मांग की। पात्रिक ने बताया कि उनका सालभर का धान खलिहान में ही रखा गया था। उन्होंने बताया कि आगजनी की घटना से 14 गांज, 4 ट्रैक्टर खलिहान में रखा गया धान जलकर नष्ट हो गया। खेती करवाने के लिए ट्रैक्टर से हल जोतवाने में करीब एक लाख रुपए लगा था। इसके अलावे लेबर खर्च, धान-खाद आदि खरीदने में भी हजारो रुपए लगे थे। पात्रिक ने बताया कि वे क्रिसमस बाद से धान की मिसनी शुरू करने वाला था। वे लगातार मिसनी करते तो भी मार्च माह तक मिसनी का कार्य जारी रहता है।

### वर्ष 2024 में जिले में बहेगी विकास की गंगा

## सड़कों का भी बिछेगा जाल : विधायक भूषण बाड़ा



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि वर्ष 2024 का सूर्य नई आशा एवं उम्-?मीद के साथ उदय होगा। यह वर्ष विकास भरा वर्ष होगा। इस वर्ष क्षेत्र में जर्जर पड़े सभी कालीकरण पथों को दुरुस्-?त किया जाएगा। गांव गांव सड़कों का जाल बिछेगा। बीरु से रामरेखाधाम तक सड़क निर्माण कार्य पूर्ण कर इसे चालू कराया जाएगा। कई नदियों पर उच्च स्तरीय पुल का भी निर्माण होगा। बिजली विहिन गांवों में भी बिजली पहुंचाने का प्रयास होगा। गलत बिजली बिल सुधार के लिए कैंप लगाया जाएगा। उन्-?होंने कहा कि वर्ष 2024 के अंत तक शहरी क्षेत्र के अलावे ग्रामीण क्षेत्र के हर घर को नल से जल उपलब्-?ध कराने का प्रयास किया जाएगा। विधायक ने कहा कि पर्यटक एवं धार्मिक स्थलों का भी तेजी से विकास किया जाएगा। स्वास्थ्य व्यवस्था दुरुस्त होगी। सदर अस्पताल में पर्याप्त मात्रा में चिकित्सक तैनात कराया जाएगा। शिक्षकों की कमी से जूझ रहा सिमडेगा कॉलेज में शिक्षकों की कमी को दूर कराया जाएगा। विधायक ने कहा कि जनता की भावनाओं के अनुरुप काम होगा एवं विकास को गति प्रदान की जाएगी।

### कोलेबिरा में अलविदा 2023 स्वागत 2024 पर दो दिवसीय नागपुरिया कार्यक्रम आयोजित

## गलतियों को भूल कर आने वाले नववर्ष पर एक नया संकल्प लेकर आगे बढ़ें : एनोस एक्का



**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा** अलविदा 2023 स्वागत 2024 के मौके पर कोलेबिरा के सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति द्वारा कोलेबिरा दो दिवसीय नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के पहले दिन मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एनोस एक्का उपस्थित हुए। जहां पर समिति के संरक्षक सह जिला परिषद अध्यक्ष रोज प्रतिमा सोरेंग, प्रमुख दूतामी हेमरोम, बीडीओ बिरेंदर किंडो सीओ अनूप कच्छप ,मुखिया द्वारा रिबन काटकर कार्यक्रम की शुरूआत की ।स्वागत भाषण में समिति के अध्यक्ष बदरुद्दीन अहमद ने दी। पूर्व मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कोलेबिरा में यह एक अनूठा पहल है हम सभी अपने बीते वर्ष जिस प्रकार बिता हो उसे भूल कर एक नए संकल्प के साथ नव वर्ष में प्रवेश करें । इस प्रकार का कार्यक्रम मानव जीवन में एक प्रेरणा लाता है। हम अपने बीते हुए वर्ष में जो भी गलतियां की है हमें उन सब को भुलाते हुए आने वाले नववर्ष के लिए एक संकल्प लेकर आगे बढ़ने की आवश्यकता है। पुराने वर्ष की जो अच्छाई हो उसे आगे लेकर चलना है एवं नववर्ष में भी कुछ अच्छा करके दिखाना है । उन्होंने युवाओं को नववर्ष में नशापान से दूर रहते हुए समाज को नशा मुक्त बनाने की अपील की । पहले दिन झारखंड के कई बड़े कलाकारों ने गीत संगीत प्रस्तुत कर लोगों को मनोरंजन कराया । मौके पर आयोजन समिति के तमाम पदाधिकारी एवं सदस्यों की भूमिका रही ।वहीं 31 तारीख की रात में भी झारखंड के कई बड़े कलाकारों के द्वारा एक से बढ़कर एक नागपुरी ,फिल्मी ,भोजपुरी गीतों के साथ रात भर उपस्थित लोगों को झूमने पर विवश कर दिया। वहीं विधि व्यवस्था को लेकर कोलेबिरा पुलिस जगह-जगह पर तैनात रही ताकि कार्यक्रम के दौरान किसी प्रकार की कोई भी परेशानी उत्पन्न ना हो।

### सिमडेगा के सलडेगा में कई महिलाओं ने थामा आजसू का दामन

**सिमडेगा।** सिमडेगा शहरी क्षेत्र के सलडेगा में रविवार को आजसू पार्टी जिला सचिव विकास बड़ाईक के नेतृत्व में दर्जनों महिलाओं ने आजसू पार्टी के विचारों से प्रभावित होकर आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। जिला सचिव ने आजसू पार्टी का पट्टा पहनाकर पार्टी में स्वागत किया और कहा कि पार्टी में मातृ शक्ति का आना पार्टी के लिए शुभ संकेत है ।आजसू पार्टी की लोकप्रियता क्षेत्र में दिनों दिन बढ़ रही है। क्षेत्र में आजसू पार्टी एक मजबूत विकल्प बन कर उभर रही है ।केंद्रीय सचिव निर्मला डुगंडुगं ने कहा की आज जो महिला समूह या जेएसएलपीएस संचालित हो रही है हमारे केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो की देन है। सभी महिलाओं को सशक्त करते हुए आजसू पार्टी को मजबूत बनाना है एवं राजनीति में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना है ।मौके पर - केंद्रीय सदस्य गायत्री नन्दन मौर्य, अनिता कुमारी, बिमलावति देवी, माधुरी बिलुंग, पुर्णिमा बिलुंग, रामेश्वरी देवी, सुनिता कुमारी, चिन्ता देवी, बिनिता देवी, सुनिता कुमारी व अन्य नेता कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### नाबालिग किशोरी का अपहरण कर 5 दिनों तक जंगल में मारपीट कर किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार



**सिमडेगा।** कोलेबिरा थाना क्षेत्र की अघरमा पंचायत क्षेत्र की एक नाबालिक किशोरी के साथ हैवानियत की घटना सामने आई है। बताया गया कि गांव के ही सुरेश लोहरा नामक युवक के द्वारा नाबालिक किशोरी को 5 दिन पूर्व अपहरण कर जंगल में उसके साथ मारपीट कर दुष्कर्म की घटना को लगातार अंजाम देता रहा। इधर परिवार वाले किशोरी की लगातार खोजबीन किया लेकिन कहीं पर पता नहीं चला। वहीं इधर किशोरी किसी तरह आरोपी युवक के चंगुल से छूटकर अपने घर आई और आपबीती बताई ।जिसके बाद परिवार वालों ने पीड़िता को लेकर कोलेबिरा थाना पहुंचकर लिखित शिकायत की मामले में कोलेबिरा पुलिस ने कोलेबिरा थाना कांड संख्या 89/23 धारा 376,323,पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर सुरेश लोहरा नामक युवक को गिरफ्तार करते हुए रविवार को सिमडेगा जेल भेज दिया। बताया गया कि पीड़िता 5 दिन पूर्व अपनी मां के साथ बाजार गई थी और वह मां पहले आ गई और बेटी जब बाद में आई तो इस दौरान अकेले का फायदा उठाकर उसे अपहरण कर ले गया। बताया गया की 5 दिनों तक उसके साथ मारपीट एवं दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया, जिसकी वजह से पीड़िता के चेहरे सहित का हिस्सों में चोट लगी है ।इधर आरोपी को जेल भेजने के बाद पीड़िता का मेडिकल जांच के लिए सिमडेगा लाया जहां सेसीडब्ल्यूसी को सुपुर्द कर दिया गया है।

## एक नजर

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने पीएम की मन की बात, सुनी

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात को रांची विधानसभा के बूथ संख्या 26/27 पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुना। प्रधानमंत्री ने कहा कि 'हमारे यहां 108 अंक का महत्व, उसकी पवित्रता, एक गहन अध्ययन का विषय है। माला में 108 मन के, 108 बार जप, 108 दिव्य क्षेत्र, मंदिरों में 108 सीढ़ियां, 108 घंटियां, 108 का ये अंक असीम आस्था से जुड़ा हुआ है। मौके पर राजकुमार जायसवाल, शुभम जायसवाल, सोनू सिंह,सुनीता कुमारी, रंभा देवी, गुड्डू कुमार, अर्चना कुमारी, गुड्डी कुमारी, राजेंद्र चौधरी और पंकज कुमार उपस्थित थे।

### विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**चान्हो।** चान्हो प्रखंड सोंस स्थित तक्षशिला के अध्ययनरत छात्र छात्राओं ने एक दिवसीय जोन्हा फॉल का शैक्षिणक भ्रमण किया। संस्थान के निदेशक अंगद कुमार सिंह के मार्गदर्शन में 30 दिसंबर को एक दिवसीय परिभ्रमण के छात्रों ने जोन्हा फॉल की प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद उठाया।वहां की खूबसूरत मौसम का मजा लिया। छात्र-छात्राओं ने कहा कि जोन्हा फॉल झारखंड की सचमुच में पृथ्वी पर प्राकृतिक सौंदर्य का स्वर्ग है। अमन गुप्ता, अजित , उजेश, अनिश, आर्यन कुमार, राहुल गुप्ता ,अनिशा कुमारी, वेद प्रकाश , धनेशवर आदि का टूर की सफलता में महत्वपूण योगदान रहा।

# प्राकृतिक वादियों में हरियाली को समेटे है माँ डबरसैनि का पहाड़





**नवीनमेल संवाददाता**

**बिरनी:** बिरनी प्रखण्ड मुख्यालय से महज 8 किलोमीटर दूरी पर स्तिथ माँ डबरसैनि पहाड़ आस्था ओर बिश्वाश से जुड़े होने के साथ साथ प्राकृतिक वादियों में हरयाली को समेटे 8 किलोमीटर में फैला पहाड़ पर्यटकों को खूब लुभाता है। पहाड़ की गुफा के अंदर बिराजमान माँ डबरसैनि की पूजा करने को लेकर दूर दूर से लोगो का आना जाना लगा रहता है । जिसके कारण माँ की पूजा अर्चना करने को लेकर सोमवार , बुधवार व शनिवार को भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ती है। पहाड़ का मनमोहक छटा लोगो को खूब लुभाती है जिसके कारण भी लोग बरबस खिचे चले आते है । बताया जाता है कि पहाड़ पर माता डबरसैनि का वास था और पहाड़ के अंदर एक गुफा और कुवा था। जो भक्त माँ से अपनी मुराद को लेकर फरियाद करता था, उसका फरियाद अवश्य ही पूरी होती थीं, लेकिन कुछ लोगों की गलतियो के कारण कुँवा पर पहाड़ का हिस्सा टूट कर गिर गया। जिससे कुआं पूरी तरह से बन्द हो गया। लेकिन लोगों की आस्था आज भी जुड़ा हुआ है और लोग आस्था विश्वास से माँ के दरबार मे पूजा करने के लिए आते है।

**कलकत्ता के व्यवसाई ने माँ दुर्गा मंदिर का कराया था निर्माण :** स्थानीय लोगों के द्वारा बताया जाता है कि इसी थाना क्षेत्र बरोटांड़ का एक व्यक्ति कलकत्ता में एक ब्यवसाई के यहां काम करता था। ब्यवसाई को किसी तरह की समस्या उतपन्नं हो गयी । जिसे देखते हुए मजदूर ने मां डबरसैनि माता के दरबार में आकर मन्नत मांगने की बात कही । मजदूर के कथनानुसार ब्यवसाई ने मन्नत मांगों जो सफल हुआ। इसी आस्था को देखते हुए माँ दुर्गा मंदिर की स्थापना कराया अभी चैत्र नवरात्रि में माँ दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना किया जाता है साथ ही स्थानीय लोगो के सहयोग से कई मन्दिर को भी स्थापित किया गया है ।

**शुक्रवार को लगती है हटिया :** माँ की प्रसिद्धि को देखते हुए कई वर्षों से पहाड़ के तराई में शुक्रवर को हटिया लगाया जाता है । जहां खरीददरों ओर व्यवसाइयों की काफी भीड़ लगती है ।

**चढ़ावा के पैसा से हो रहा है बिकास :** बताया जा रहा है कि आस्था को देखते हुए बरोटांड़ गाँव के लोग मन्दिर पहाड़ की देखरेख करते है और चढ़ावा के पैसा से मन्दिर का बिकास कर रहे है। यह पहाड़ कोवाड कोडरमा मुख्य मार्ग के डबरसैनि चौक से एक किलोमीटर दक्षिण में स्थित है । गिरीडीह से आने वाले लोग कोवाड , जोरासंख या फिर द्वारपहरी होकर आ सकते है। गिरिडीह से डाबरसैनि चौक की दूरी महज 42 किलोमीटर है ।

### क्या कहते है स्थानीय लोग :-

**सुभाष वर्मा :** ने कहा कि लोगों की आस्था सैकड़ों वर्ष से जुड़ा हुआ है। स्थानीय दर्जनों गाँव के लोग कोई भी शुभ कार्य करने से पहले माँ का आशीर्वाद लेकर ही कार्य को शुरू करते है। माँ सभी भक्तों की मुराद को पूरी करती है। पहाड़ की हरियाली व आस्था के कारण नववर्ष पर काफी संख्या में परिवार समेत जुटते है और पिकनिक का आनन्द लेते है।

**सुरेंद्र प्रसाद वर्मा:** प्राकृतिक धरोहर मां डबरसैनी पहाड़ सुन्दर पर्यटक हैं एवं दर्शनीय स्थल के रूप में नव वर्ष में युवाओं का पिकनिक मनाने के लिए काफी संख्या में आते रहते हैं फिलहाल दहेज मुक्त झारखंड सेवा संघ के सचिव सुरेंद्र प्रसाद वर्मा के द्वारा झारखंड सरकार के पर्यटक मंत्री के अपर सचिव के द्वारा पर्यटक स्थल को विकसित करने के लिए पत्र लिख चुके हैं और बहुत जल्द ही कार्य शुरू हो सकता हैं।

**बालेश्वर साव :** कहा कि डबरसैनी पहाड़ हिन्दुओं के आस्था से जुड़ा हुआ है यहॉ सप्ताह में 3 दिन मॉ ड़बरसैनी की पूजा होती है। पहाड़ प्राकृतिक सौंदर्य से भरा हुआ है पहाड़ के चारों तरफ आकर्षक दृश्य है जिसके कारण सैलानियों का मन मोह लेता है, प्रत्येक वर्ष दिसम्बर और जनवरी माह में झारखंड के आलावे बिहार और बंगाल से पिकनिक मनाने और मॉ का दर्शन करने लोगों का हुजूम उमड़ पड़ता है! डबरसैनी विकास समिति की और से इसे और आकर्षित बनाने हेतू प्रयसारत है तथा बार बार सरकार का ध्यान भी इस ओर आकृष्ट करवाने में लगे हैं!

**सुरेश साव :** माँ डबरसैनि माता का दरबार के साथ-साथ पहाड़ की हरियाली ओर प्राकृतिक नजारा लोगो को काफी आकर्षित करता है । सैकड़ो वर्षो से हिंदुओं का आस्था जुड़ा हुआ है पहाड़ बचाव को लेकर दर्जनों गाँव के लोग काफी संघर्ष किये है। आस्था और पहाड़ की प्राकृतिक छटा को लेकर लोग नववर्ष पर पूजा-पाठ के साथ-साथ पिकनिक मनाने को लेकर काफी संख्या में जुटते है ।

### 5 घंटे तक चली छापेमारी, सभी वार्डों को खंगाला गया

# गिरिडीह केंद्रीय कारा में एसपी और डीसी के नेतृत्व में हुई छापेमारी




**नवीनमेल संवाददाता**

**गिरिडीहः** केंद्रीय कारा गिरिडीह में छापेमारी की गई है। जिले के डीसी नमन प्रियेश लकड़ा और एसपी दीपक कुमार शर्मा के नेतृत्व में यह छापेमारी की गई। इस दौरान सभी वार्डों को खंगाला गया। लगभग 5 घंटे तक चली इस छापेमारी में कुछ भी आपत्ति जनक सामान बरामद नहीं हुआ। बता दें कि केंद्रीय कारा गिरिडीह में छापेमारी के दौरान महिला बंदियों और पुरुष बंदियों के सभी वार्डों को खंगाला गया है। लगभग चार से पांच घंटे तक चले इस सर्च अभियान के दौरान सुरक्षा के बिंदुओं पर भी जांच की गई है। पूरी कार्रवाई शनिवार की मध्य रात्रि को शुरू किया गया जो रविवार की सुबह तक चलती रही। जिला प्रशासन ने इस छापेमारी की पुष्टि की है। बताया जाता है कि धनबाद के जेल के अंदर एक व्यक्ति की हत्या के बाद से ही राज्य सरकार अलर्ट मोड में है।

सभी जिलाधिकारी व पुलिस कप्तान को समय समय पर जेल की जांच करने का निर्देश मुख्यालय द्वारा दिया गया. ऐसे में गिरिडीह प्रशासन भी अलर्ट होकर केंद्रीय कारा पर नजर रखे हुए है। जिलाधिकारी और पुलिस कप्तान का साफ कहना है कि सुरक्षा में किसी तरह की कोताही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस छापेमारी में सरिया -बगोदर अनुमंडल पदाधिकारी संतोष कुमार गुप्ता, डुमरी अनुमंडल पदाधिकारी सजदा परवेज, सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह, सरिया - बगोदर एसडीपीओ नौशाद आलम, नगर थाना प्रभारी रामनारायण चौधरी, मुफस्सिल थाना प्रभारी कमलेश पासवान, पचम्बा थाना प्रभारी मुकेश दयाल सिंह समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे।

# प्रखंड कमेटी का गठन, सुरेश साव बने अध्यक्ष व ममता बनी सचिव




### वार्ड सदस्य प्रखंड संघ की ओर से वनभोज सह पिकनिक कार्यक्रम

**गिरिडीह :** रविवार को बेंगाबाद के रंगा खरियो मैदान में वार्ड सदस्यों के द्वारा एक पिकनिक सह वनभोज का कार्यक्रम आयोजन किया गया जहां पर प्रखंड कमेटी का गठन किया गया। जहां पर सर्व सम्मती से सुरेश साव को प्रखंड अध्यक्ष व ममता मंडल को सचिव बनाया गया। वहीं इन दोनों ने कहा कि जितने भी प्रखंड से आये सभी वार्ड सदस्यों के द्वारा जो दायित्व दिया गया उसे अपने हक के लिए लड़ूंगा आवाज उठाऊंगा। ईमानदारी व निष्ठा पूर्वक निभाऊँगा। मौके पर सहोदर मंडल, कैलाश प्रसाद वर्मा, भूनेश्वर मंडल, सेवा दास, अजय वर्मा, लक्ष्मी कुमारी, सुभाष राणा, सुभाष यादव, रितलाल दास, छोटेलाल दास, रोहित यादव सहित सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष वार्ड सदस्य मौजूद थे।

### तैलिक साहू सभा ने किया कंबलों का वितरण

**डुमरीः** जिला तैलिक साहू सभा द्वारा रविवार को गरीब, लाचार और बुजुर्गों को कंपकपाती ठंढ में कंबलो का वितरण किया गया। यहां के प्राथमिक विद्यालय बरमसिया रांगामाटी परिसर में कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित कर करीब 100 जरूरतमंदों को कंबल दिया गया।तैलिक साहू सभा के जिलाध्यक्ष बालगोबिन्द साव, उपाध्यक्ष संजय साहू व हरिगौरी साहू,भाजपा के वरीय नेता प्रदीप साहू सभा के संगठन मंत्री टहल साव पूर्व प्रमुख भोला साव, अर्जुन साव,लालमनी साव आदि ने संयुक्त रूप से लोगों के बीच कंबल का वितरण किया।

### धूमधाम से मनाई गई संयुक्त बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व स्व. केबी सहाय की जयंती



**हजारीबागः** स्वतंत्रता सेनानी, संयुक्त बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री बाबू कृष्ण बल्लभ सहाय का जन्म जयंती समारोह कटकमसांडी हाई स्कूल में कांग्रेस परिवार के द्वारा मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव व मंच संचालन कटकमसांडी प्रखंड अध्यक्ष नरसिंह प्रजापति और धन्यवाद ज्ञापन महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत व स्व सहाय के पौत्र आशीष सहाय ने किया।कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर,पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ,गौ सेवा के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद,हिन्दू न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक,मुन्ना सिंह,भीम कुमार,बिनोद कुशवाहा व कांग्रेस के सम्मानित जनों ने सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर एवं स्व केबी सहाय के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने बताया कि महात्मा गांधी की इच्छा पर आईसीएस की नौकरी त्याग कर स्व सहाय ने आजादी की लड़ाई में कई बार जेल गए। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष झारखंड गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने भी अपना संबोधन दिया। स्व. सहाय के जन्मोत्सव के इस कार्यक्रम में कायस्थ समाज के लोगो ने भी शिरकत की और इस अवसर पर बहुत से लोगो ने भाजपा छोड़कर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।मौके पर उनके आशीष सहाय ने कहा कि मैंने अपने दादा एकिकृत बिहार के मुख्यमंत्री स्व कृष्ण बल्लभ सहाय की विरासत को आगे बढ़ाते हुए जनसेवा को अपना कार्य बनाते हुए के बी सहाय जनकल्याण फाउंडेशन संस्था के नाम से पिछले पांच साल से हजारीबाग के लोगो के सुख-दुख में शामिल रहा, विशेष कर कोरोना पीरियड में लोगों को हजारों हजार अनाज के पैकेट,सुगर मशीन,स्कूल बैग,कपड़ा,सिलाई मशीन प्रशिक्षण केंद्र,सिलाई मशीन का जरूरतमद महिलाओं को दिए है ,मौके पर महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत,अशोक देव, जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान,आदिव रिजवी,बिनोद सिंह,अवधेश सिंह,,साजिद अली खान, रामा कांत सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### ट्रक और बाइक के टक्कर, बाइक सवार की मौत



**गिरिडीह :** गाण्डेय प्रखंड अंतर्गत अहिल्यापुर थाना क्षेत्र के बेलातांड मोड़ के समीप रविवार को एक ट्रक और बाइक के टक्कर में बाइक सवार व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक व्यक्ति गांडेय थाना क्षेत्र के भंडारकुंडा गांव निवासी मो बदरुद्दीन था। बताया गया कि बदरुद्दीन अपने घर भंडारकुंडा से पश्चिम बंगाल के आसनसोल अपनी बाइक से जा रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही ट्रक ने उसकी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे घटना स्थल पर ही बदरुद्दीन की मौत हो गई।घटना के बाद आक्रोशित स्थानीय लोगों ने मुआवजे की मांग को लेकर मुख्य सड़क को जाम कर दिया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही अहिल्यापुर थाना पुलिस घटनास्थल पहुंच लोगों को समझा-बुझा कर जाम हंटवाने में सफलता पाई। इस दौरान थाना प्रभारी ने मृतक के परिजनों एवं स्थानीय लोगों को भरोसा दिलाया की नियमानुसार मृतक के परिजनों को मुआवजा दिया जाएगा। उसके बाद लोगों ने जाम समाप्त किया। जाम समाप्त होने के बाद पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया।

### कुशवाहा संघ गिरिडीह की जिला स्तरीय बैठक



**गिरिडीह :** बिरनी प्रखंड क्षेत्र के मनकडीहा पंचायत के ग्राम मंडरखा में रविवार को कुशवाहा संघ गिरिडीह की जिला स्तरीय एक बैठक का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष इन्द्रनारायण प्रसाद वर्मा ने समाज की एकता और एकजुटता पर बल देते हुए कहा कि संघ की क्रियाशीलता के कारण सामाजिक बुराइयों में कुछ हद तक कमी आई है। हमें समाज को सशक्त बनाने के लिए कड़े निर्णय की आवश्यकता है। वहीं प्रखंड अध्यक्ष मुकुंद मुरारी ने कहा कि जमुआ प्रखंड के ग्राम रंगामाटी की एक विवाहिता के द्वारा राजधनवार प्रखंड के गिरी बरवाडीह निवासी अरविंद कुमार वर्मा पिता रामप्रसाद वर्मा के विरुद्ध प्रताड़ना के खिलाफ संघ को मिले आवेदन पर चर्चा किया गया, संभवत इसका निष्पादन कुछ दिनों में कर लिया जाएगा।

## झारखंड

# धनुर्मास में भगवान श्रीनिवास की देवता भी करते हैं पूजा-आराधना

**नवीनमेल संवाददाता**

**रांची।** श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मन्दिर में धनुर्मास - श्रीगोदा - रंग महोत्सव के 15 वे दिन पूरे हुए और यह मकर संक्रान्ति के दिन एक महीने पूर्ण होने के साथ ही संपन्न होगा। धनुर्मास को तमिल माषा में ' मार्गली' मास कहा जाता है। श्रीवैष्णव जगत में इस मास का बड़ा ही खास महत्व है। इस महीने में प्रत्येक दिन भगवान का विशेष पूजा, स्तुति और भोग आदि सेवा किये जाते हैं। द्वापर युग के इसी महीने में गोपिकाएँ ने भगवान् कृष्ण को पाने की इच्छा से कात्यायनी व्रत की थी। पूर्व के इस वृत्ति को याद रखी हुई श्रीराधा कलियुग में श्रीगोदा और सभी गोपियाँ गोदा की सखियां बनी और यह धनुर्मास व्रत का अनुसंधान कर भगवान रंगनाथ को पति रूप में प्राप्त की। गोदा जी ने तीसों दिन के तीस 'तिरुप्पावै' नामक प्रबंधों की रचना की। यह तीसों प्रबन्धों से श्रीगोदा जी अपने भावो की अभिव्यक्ति की हैं और अपनी सखियों से भगवान् के प्रति प्रेरित की। यह तिरुप्पावै स्तोत्र - उपनिषद के समान पवित्र है और यह तीसों दिन तीस नक्षत्रों के हिसाब से भगवान् की प्रसन्नता के लिए गायन पूर्वक बनायी हैं। तिरुप्पावै एवं पल्लानडे को मिलाकर शातुमोरई नामक स्तोत्र बनाया गया। इसके गायन से भगवान् तुरंत रीझ जाते हैं। पल्लानडे का मतलब 'नमस्कार' और तिरुप्पावै का अर्थ 'लक्ष्मी मंत्रम्' होता है। वेद के सार को उपनिषद कहते हैं, गीता के सार को गीतोपनिषद तथा तिरुप्पावै के सार को गोदोपनिषद कहा जाता है। यह जीव को चरम लक्ष्य की प्राप्ति करानेवाला बताया गया है। इस महीने में भगवान् के पूजा-अर्चना करनेवाले भक्तों के लिए श्रीभगवान वरदहस्त लिए बीन माँगे वर देने को उत्सुक रहते हैं। अंग्रेजी नववर्ष के उल्लास में भक्तों की भारी संख्या में भीड़ होती है। इसे देखते हुए मंदिर का खास सजावट हुआ है। भगवान के भी भव्य रूपों से श्रृंगार किया गया है। श्रीतिरुपति बालाजी का प्रसिद्ध नैवेद्यम् लड्डू महा प्रसादम का भी विशेष व्यवस्था किया गया है।



### 2 जनवरी को प्रखंड के विभिन्न मंदिरों में होंगे पूजा अर्चना

**गिरिडीह डुमरी:** श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट अयोध्या शाखा गिरिडीह जिला संयोजक रामकिशोर शरण ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि अयोध्या में नवनिर्मित श्रीराम जन्म भूमि मंदिर में भगवान श्रीराम लला 22 जनवरी को विराजेंगे।उस दिन अयोध्या मे होने वाले भव्य उत्सव एवं अनुष्ठान का पूरा देश प्रतीक्षा कर रहा है। देश के लाखों मंदिर मे इस पुनीत अवसर पर पूजा अनुष्ठान के कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे। दूसरी ओर अयोध्या के आयोजन में शामिल होने के लिए आरएसएस,विहिप व संघ के सभी समविचारी संगठन के कार्यकर्ता घर घर जाकर लोगो को निमंत्रण देने 1 जनवरी से निकलेंगे। कार्यकर्त्ता अयोध्या से आये पुजित अक्षत और राम मंदिर की तस्वीर भेटकर न्योता देने पहुंचेगे और 22 जनवरी के बाद अयोध्या पहुंच कर श्रीराम लला का दर्शन करने का आह्वान करेंगे। गिरिडीह जिला के सभी प्रखंड एवं नगर के 2 लाख 50 हजार परिवारों तक अक्षत पहुंचाने की योजना है। ट्रस्ट की ओर से ये योजना 15 जनवरी तक चलेगी। पुरे गिरिडीह जिला में क्रमवार योजना की तैयारी पूरी कर ली गई है।

### बागबेड़ा बड़ौदा घाट में युवक पर जानलेवा हमला, टीएमएच में भर्ती

**जमशेदपुर :** बागबेड़ा थाना अंतर्गत बड़ौदा घाट के पास अज्ञात अपराधियों ने गाड़बासा निवासी सुनेश कुमार राम पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया गया. परिजनों को जानकारी मिलने पर सनेश को तत्काल इलाज के लिए टीएमएच लेकर पहुंचे जहां से उसे रांची के रिम्स रेफर कर दिया गया। सुनेश की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। परिजनों ने बताया कि सनेश घायल अवस्था में बड़ौदा घाट के पास पड़ा था। वह बोलने को स्थिति में नहीं है जिस कारण यह जानकारी नहीं मिल पाई है कि उसपर जिसने हमला किया है। इधर, सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई।

### अयोध्या धाम से आए पूजित अक्षत कलश को कांके के विभिन्न मंदिरों में ले जाया गया

# श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**नवीनमेल संवाददाता**

रांची। श्रीराम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के सिलसिले में अयोध्या धाम से आए पूजित अक्षत कलश को लेकर रविवार को कांके क्षेत्र में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जो क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में गयी, जहां श्रद्धालुओं ने पुष्प अर्पण कर और धूप-दीप दिखाकर कलश की वंदना की और भजनों के साथ स्वागत किया। सुबह लगभग 8:00 बजे हनुमान मंदिर, सुकुरहुटू नीचे टोला से बैंड बाजा और सुसज्जित वाहन के साथ कलश यात्रा प्रारंभ हुई और कांके चौक, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय परिसर होते हुए बीएयू के प्राचीन पशुपतिनाथ मंदिर में गयी। मंदिर के आचार्य सुनील कुमार पांडेय ने मंत्रोच्चार के साथ कलश और शोभा यात्रा का स्वागत किया। मन्दिर में एक घंटे के लिए कलश स्थापित कर लोगों ने पूजा-अर्चना और आरती की। गायिका श्रुति देशमुख, कविता ओझा और उदय देशमुख की टीम ने भगवान राम को समर्पित सुमधुर भजन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी, विद्यार्थी और आसपास के सनातनी श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कलश यात्रा का नेतृत्व अमरजीत पासवान, सौरभ झिंगन, अमित अवस्थी, विशु मंडल, दिलीप उरांव आदि ने किया। इसके बाद अक्षत कलश को कांके ब्लॉक चौक स्थित हनुमान मंदिर, अरसंडे स्थित दुर्गा मंडप और हनुमान मंदिर तथा बोड़ेया स्थित शिव मन्दिर एवं रांची के प्राचीनतम मदन मोहन मंदिर ले जाकर कुछ अरसा के लिए स्थापित किया गया।



### सऊदी में फंसे झारखंड के 45 मजदूरों की सरकार से वतन वापसी की गुहार

**गिरिडीहः** सऊदी अरब में फंसे झारखंड के 45 मजदूरों के सामने अब भोजन का संकट खड़ा हो गया है। उनलोगों ने फिर से पांचवी बार वीडियो जारी कर एक बार फिर भारत सरकार और राज्य सरकार से मदद की गुहार लगाई है। मजदूरों का कहना है कि उनके पास न तो खाने-पीने के लिए कुछ है और न ही पैसे हैं।प्रवासी मजदूरो के हित में कार्य करनेवाले सिकन्दर अली ने भारत एवं राज्य सरकार से तत्काल मजदूरों की मदद करने की अपील की है।उन्होंने कहा कि रोजगार के अभाव में झारखंड में आए दिन कहीं न कहीं से इस तरह के मामले सामने आ रहे हैं। लोग रोजी रोटी की तलाश में विदेश जाते हैं, वहां उनको यातनाएं झेलनी पड़ती हैं। पलायन रोकने के लिए रोजगार की व्यवस्था करने की जरूरत है। इधर मजदूरों के परिजन काफी परेशान है और वे भी सरकार से मदद की मांग कर रहे हैं।वे जल्द से जल्द मजदूरों की वतन वापसी की लागातार अपील कर रहे हैं। बता दें कि बीते 11 मई को सभी मजदूर कॉमर्शियल टेक्नोलॉजी कंपनी के कॉन्ट्रैक्ट पर ट्रांसमिशन लाइन में काम करने के लिए सऊदी अरब गए थे। इसके एवज में बतौर कमीशन 55 हजार रुपए नकद उन्हें देना पड़ा था। बताते हैं कि काम के बदले लाइनमैन को 15 सौ रियाल (करीब 33 हजार), हेल्पर को 11 सौ रियाल (करीब साढ़े 24 हजार) के अलावा ओवरटाइम के लिए 750 रियाल तथा खाने-पीने के लिए अलग से 300 रियाल देने का आश्वासन मिला था। 7 महीना काम करवाकर कंपनी ने केवल 2 महीने की मजदूरी का भुगतान किया है।

